वर्ष-3, अंक-12
इन्दौर, शनिवार
12 अप्रैल 2025
पृष्ठ 8, मूल्य 3 रु.

# दैनिक राष्ट्रीय जनभावना

RNI-MPHIN/2013/53761
DAVP 133088/20/02/2020



हनुमान जयंती की हार्दिक शुभकामनाएँ

प्रधान संपादकः सुनील वर्मा मो.: 9425491979, E-mail: janbhavna.ind@gmail.com

## आंनदपुर धाम जैसे क्षेत्रों का विकास करना हमारी जिम्मेदारी : नरेन्द्र मोदी

**भोपाल,राष्ट्रीय जनभावना**। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि सेवा ऐसी गंगा है, जिसमें प्रत्येक व्यक्ति डुबकी लगाए तो उसका जीवन सार्थक हो सकता है। आज आनंदपुर धाम आकर मन अभिभूत है, जिस भूमि का कण-कण संतों की तपस्या से सींचा गया है, जहां सेवा के संकल्प मानवता का पथ प्रशस्त करते हों, वो धरती साधारण नहीं है। उन्होंने कहा कि यहां मंदिर में दर्शन किए और सेवा कार्यों की जानकारी ली तो हृदय आनंदित हो गया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में श्री आनंदपुर ट्रस्ट के प्रयास सराहनीय और अनुकरणीय है। केन्द्र सरकार भी सेवा की भावना को केन्द्र में रखकर निर्धन वर्ग के लिए निऱ्शुल्क अनाज, पेयजल, आवास और स्वास्थ्य से जुड़ी जनकल्याण की योजनाओं का संचालन कर रही है। देश में नए-नए एम्स, आईआईटी, आईआईएम संस्थान प्रारंभ किए जा रहे हैं। हमारा पर्यावरण संरक्षित हो, इसके लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान जारी है। गरीब और वंचित व्यक्तियों के उत्थान के लिए सबका साथ-सबका विकास-सबका विश्वास-सबका प्रयास का मंत्र सरकार की नीति और निष्ठा है। सेवा की भावना हमारे व्यक्तित्व को निखारती है और व्यक्ति को बड़े उद्देश्यों से जोड़ती है। प्रधानमंत्री श्री मोदी शुक्रवार को अशोकनगर के आनंदपुर धाम में वार्षिक वैशाखी मेले और संस्था के गुरू महाराज के अवतरण दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, केन्द्रीय संचार एवं पूर्वोत्तर क्षेत्र विकास मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, वरिष्ठ सांसद





श्री वी.डी. शर्मा, सांसद श्री जनार्दन सिंह सिग्रीवाल सहित बड़ी संख्या में आनंदपुर धाम के अनुयायी उपस्थित थे। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आश्रम के गुरू महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आनंदपुर धाम मंदिर परिसर का भ्रमण किया और गुरुजी महाराज मंदिर में दर्शन और पूजा-अर्चना की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने आनंद सरोवर की आरती उतारी और पुष्प अर्पित किए। आनंदपुर में हर वर्ष तीन दिवसीय वैशाखी मेला लगता है। इस वर्ष भारत के विभिन्न राज्यों से लगभग 20 हजार लोग आनंदपुर पहुंचे हैं।

### आनंदपुर क्षेत्र के विकास को प्राथमिकता

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि अशोकनगर के आनंदपुर क्षेत्र का विकास हमारा दायित्व है। इस क्षेत्र में कला, संस्कृति अर्थात् विरासत से विकास की अपार संभावनाएं हैं। इस क्षेत्र में चंदेरी साड़ी को जीआई टैग प्राप्त हुआ है। प्राणपुर में हैंण्डलूम विलेज प्रारंभ किया गया है। मध्यप्रदेश में विरासत के संरक्षण के साथ विकास के प्रयास हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव सिंहस्थ : 2028 की तैयारियां भी प्रारंभ करवा चुके हैं। प्रदेश की सरकार और नागरिक विकास में जुट गए हैं।

### आनंदपुर की धरती पर शोक भी आने डरता है

प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि इस धरती पर परमार्थ और सेवा के संकल्प जारी हैं, ये धरती सामान्य नहीं है। अशोकनगर की धरती पर शोक भी आने से डरता है। गुरु महाराज जी के अवतरण दिवस पर यहां आने का सुअवसर मिला है। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने स्वामी अद्वैत जी महाराज एवं संस्थान की सभी पादशाही महाराज को प्रणाम करते हुए द्वितीय और तृतीय पादशाही के समाधि दिवस पर उनके चरणों में श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने मां विजयासन और अशोकनगर जिले के श्रद्धा स्थल करीला धाम की मां जानकी देवी को भी प्रणाम किया। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि भारत भूमि-ऋषियों की रही है। समाज जब किसी मुश्किल दौर से गुजरता है तो कोई ऋषि अवश्य अवतरित होता है। आदि शंकराचार्य ने अद्वैत से हम सबका परिचय करवाया। उस कालखंड में ऐसे ऋषि-मुनि आए जिन्होंने अद्वैत का विचार रखकर समाज को जागृत करने का कार्य किया। इसी परम्परा में परमहंस अद्वैत जी महाराज ने भी इस विचार एवं ज्ञान को सरल बनाया और जन सामान्य के बीच पहुंचाने का बीड़ा उठाया। आज भौतिक उन्नति के बीच दुनिया के देशों में युद्ध और संघर्ष सहित कई चिंताएं विद्यमान हैं, जो मानव को मानव से दूर करती हैं। इनका समाधान अद्वैत के विचार में मिलेगा। अद्वैत यानी जहां कोई द्वैत नहीं है। अपने और पराये की मानसिकता का त्याग करते हुए जीव मात्र में एक ही ईश्वर को देखने का विचार इस दर्शन में शामिल है।

## हिंदू तिलक पर तमिलनाडु मंत्री का अश्लील कमेंट

**MK ने पोनमुडी को पार्टी पद से हटाया, कनिमोझी ने कहा- अश्लील टिप्पणी स्वीकार नहीं**

**तमिलनाडु (एजेंसी)**। तमिलनाडु के वन मंत्री के पोनमुडी का आपत्तिजनक बयान सामने आया है। पोनमुडी ने हिंदू तिलक पर कमेंट किया है। पोनमुडी का यह बयान वायरल हो रहा है। इसके चलते उनकी पार्टी ष्ठरूद्म ने उन्हें उपमहासचिव पद से हटा दिया है। पोनमुडी के बयान पर पार्टी सांसद कनिमोझी ने भी ऐतराज जताया। कनिमोझी ने कहा कि पोनमुडी का हाल का भाषण किसी



हालत में स्वीकार नहीं किया जा सकता। यह निंदनीय है। अश्लील कमेंट्स की समाज में कोई जगह नहीं है। अब पढ़िए, वह बयान जिस पर विवाद हुआ... एक वीडियो में पोनमुडी कहते सुनाई दे रहे हैं- महिलाएं, प्लीज इसे मत समझिएगा। इसके बाद पोनमुडी ने एक मजाकिया लहजे में बात कही। उन्होंने बताया कि एक आदमी सेक्स वर्कर के पास गया। महिला ने आदमी से पूछा कि वह शैव है या वैष्णव। पोनमुडी ने आगे कहा- वह आदमी नहीं समझा तो महिला ने उससे पूछा कि क्या वह पट्टई (आड़ा तिलक, जो शैव लगाते हैं) लगाता है ।

## चिराग ने किया जाति जनगणना का समर्थन

**पटना**। चिराग पासवान ने बिहार चुनाव से पहले कास्ट सेंसस का खुलकर सपोर्ट किया है। ये बात इसलिए महत्वपूर्ण है, कि लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जातिगत जनगणना के लिए जोरदार मुहिम चला रहे हैं। गुजरात में हुए कांग्रेस अधिवेशन में भी राहुल गांधी ने बीजेपी सरकार और पीएम मोदी पर निशाना साधा था। सत्ता में आने पर जातिगत जनगणना कराने की बात कही है। 2025 में बिहार के तीन दौरे कर चुके राहुल गांधी ने नीतीश कुमार के जातिगत गणना को फर्जी बताया था। जातिगत जनगणना के पैरोकार लालू यादव भी हैं और राहुल गांधी की सक्रियता के कारण कहीं न कहीं टकराव की भी नौबत आ रही है।

## सेंसेक्स 1310 अंक चढ़कर 75,157 पर बंद

**निफ्टी भी 429 अंक चढ़ा, मेटल और ऑटो सेक्टर में सबसे ज्यादा खरीदारी**

**मुंबई (एजेंसी)**। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार (11 अप्रैल) को सेंसेक्स 1310 अंक (1.77%) की तेजी के साथ 75,157 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी करीब 429 अंकों की तेजी रही, ये 22,829 के स्तर पर पहुंच गया। NSE के 50 शेयरों में से 46 में तेजी रही। मेटल सेक्टर सबसे ज्यादा 4.09%, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 3.19%, फार्मा 2.43%, ऑयल एंड गैस 2.20% और ऑटो




2.03% चढ़कर बंद हुए। 9 अप्रैल को चीन को छोड़कर अन्य सभी देशों पर रेसिप्रोकल टैरिफ को 90 दिनों के लिए टालने के अमेरिकी राष्ट्रपति के फैसले के बाद वहां का बाजार 12% चढ़कर बंद हुआ था। वहीं अगले दिन सुबह यानी, 10 अप्रैल को एशियाई बाजारों में 10% तक की तेजी आई। भारतीय बाजार कल यानी गुरुवार 10 अप्रैल को महावीर जयंती के कारण बंद था। इसीलिए आज अमेरिकी और एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट के बावजूद भारतीय बाजार ऊपर है। 90 दिनों की अस्थायी राहत से दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौते (BTA) के बारे में चल रही चर्चाओं को गति मिलने की उम्मीद है।

## हिमाचल में बदला मौसम, झमाझम बारिश और ओलों से फसलें हुई तबाह

**शिमला**। हिमाचल प्रदेश पर मौसम मेहरबान है और प्रदेश में फिर झमाझम बारिश हुई। गुरुवार को मंडी, कुल्लू, शिमला समेत कई जिलों में बारिश के साथ ओले भी गिरे हैं। हालांकि ओलावृष्टि से प्रदेश के बागवानों को भारी नुकसान हुआ है और सेब की फसल पर असर पड़ा है। मौसम विभाग ने शुक्रवार के लिए भी ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। मौसम सुहावना हो गया है और लोगों को गर्मी से राहत मिली है। जानकारी के मुताबिक गुरुवार दोपहर बाद प्रदेश में मौसम ने करवट ली। इस दौरान कुल्लू में बारिश और ओले गिरे। बंजार उपमंडल में ओलावृष्टि से कई क्षेत्रों में किसानों और बागवानों की फसलों को भारी नुकसान हुआ।

## असीरगढ़ में फिर निकले सोने के सिक्के

**रात के अंधेरे में खुदाई जारी, प्रशासन बेखबर**

**बुरहानपुर (ईएमएस)**। असीरगढ़ किले के पास खुदाई में सोने के सिक्के मिलने की खबर फैलते ही स्थानीय ग्रामीण रात के अंधेरे में खुदाई के लिए उमड़ रहे हैं। हालात यह हैं कि आसपास के गांवों से लोग गुपचुप तरीके से यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन प्रशासन अब तक पूरी तरह बेखबर बना हुआ है। एक स्थानीय निवासी ने बताया कि कई ग्रामीण बीते कुछ दिनों से असीरगढ़ क्षेत्र में खुदाई कर रहे हैं और सोने के सिक्के मिलने की पुष्टि भी की है। यह खबर आग की तरह फैल गई, जिससे रात में खुदाई करने वालों की संख्या बढ़ती जा रही है। मामले पर पुलिस अधीक्षक ने कहा ?कि अगर ऐसी कोई गतिविधि हो रही है, तो इसकी जांच कराई जाएगी और आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। असीरगढ़ किला ऐतिहासिक रूप से बेहद महत्वपूर्ण रहा है। इसे दक्षिण का द्वार भी कहा जाता है। इतिहासकारों के अनुसार इस क्षेत्र में मुगल काल से लेकर मराठा शासन तक अपार धन-संपत्ति थी। इससे पहले भी यहां पुराने सिक्के और धरोहरें मिलने की घटनाएं सामने आ चुकी हैं।

## अमेरिका बोला- चीन पर 125% नहीं, 145% टैरिफ

**ड्रग तस्करी के लिए लगी 20% पेनल्टी भी शामिल**

**वाशिंगटन (एजेंसी)। अमेरिका ने चीन पर 125त्न नहीं बल्कि 145% टैरिफ लगा दिया है। व्हाइट हाउस ने यह बात साफ की है। ट्रम्प ने बुधवार को चीन पर 125% टैरिफ लगाने का ऐलान किया था।**



इसके बाद गुरुवार को व्हाइट हाउस ने बताया कि इसमें 20% फेंटेनाइल टैरिफ भी जोड़ा गया है, जो मार्च 2025 से लागू था। ट्रम्प ने चीन पर 4 मार्च को फेंटेनाइल ड्रग तस्करी में कथित रोल की वजह से 20% टैरिफ लगा दिया था। इसे अब तक अलग से गिना जा रहा था। व्हाइट हाउस के मुताबिक चीन पर 125% टैरिफ, 20% फेंटेनाइल टैरिफ और 1% मिसलेनियस एडजस्टमेंट लगाया गया है। मिसलेनियस एडजस्टमेंट किस वजह से लगाया गया है, अभी तक साफ नहीं हुआ है।

चीन पर 145% टैरिफ लगाने का आसान भाषा में मतलब है कि चीन में बना 100 डॉलर का सामान अब अमेरिका में जाकर 245 डॉलर का हो जाएगा। अमेरिका में चीनी सामानों के मंहगे होने से उसकी बिक्री कम हो जाएगी। बता दें चीन ने भी अमेरिका पर जवाबी 84% टैरिफ लगाया है। फेंटेनाइल ड्रग हेरोइन से 50 गुना और मॉर्फिन से 100 गुना ताकतवर होता है। राष्ट्रपति ट्रम्प का कहना है कि चीन में यह ड्रग तैयार होता है, फिर वहां से मेक्सिको और कनाडा के रास्ते अमेरिका भेजा जाता है। चीन सरकार इस पर रोक लगाने में नाकाम रही है।

## अमेरिका की हडसन नदी में हेलिकॉप्टर क्रैश

**वाशिंगटन (एजेंसी)**। अमेरिका के न्यूयॉर्क में गुरुवार को एक हेलिकॉप्टर हडसन नदी में क्रैश हो गया। हादसे में हेलिकॉप्टर में बैठे सभी 6 लोगों की मौत हो गई। इनमें इंजीनियरिंग कंपनी सीमेंस के CEO ऑगस्टिन एस्कोबार, उनकी पत्नी मर्स कैंपरुबी और उनके तीन बच्चे शामिल हैं। बच्चों की उम्र 4, 5 और 11 साल थी। ये परिवार स्पेन का रहने वाला था। उनके साथ हेलिकॉप्टर का 36 साल का पायलट भी मारा गया। पायलट के नाम का अभी तक खुलासा नहीं हुआ है। न्यूयॉर्क सिटी के फायर डिपार्टमेंट के मुताबिक, हादसे से ठीक पहले बेल 206 एयरक्राफ्ट दो टुकड़ों में टूट गया था। उसकी टेल और रोटर बाकी बॉडी से अलग हो गए थे। इमरजेंसी क्रू ने नदी से सभी विक्टिम्स को बाहर निकाला। उनमें से चार को मौके पर ही मृत घोषित कर दिया गया, जबकि दो ने अस्पताल पहुंचने के बाद दम तोड़ा।



## पीथमपुर की सिग्नेट पाइप कंपनी में भीषण आग 15 घंटे तक जलती रही फैक्ट्री

**पीथमपुर**। औद्योगिक क्षेत्र पीथमपुर में उस वक्त हड़कंप मच गया जब सेक्टर-3 स्थित सिग्नेट पाइप कंपनी में अचानक भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि उसकी लपटें और धुआं 20 किलोमीटर दूर तक दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना मिलते ही प्रशासन व फायर ब्रिगेड की टीमें मौके पर पहुंचीं और लगातार 8 घंटे की मशक्कत के बाद किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार, आग शुक्रवार की अलसुबह करीब 1ऽ00 बजे लगी। आग सबसे पहले कंपनी के गौदाम में लगी, उस समय कंपनी में मौजूद श्रमिकों को कुछ अंदाजा नहीं हुआ। लेकिन धुंआ उठाता देख जब श्रमिक बाहर आए तो गोदाम में आग लगी हुई थी। शुरुआत में यह आग कंपनी परिसर के एक हिस्से तक सीमित थी, लेकिन कुछ ही मिनटों में पूरे परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और आसपास का पूरा औद्योगिक क्षेत्र धुएं की चपेट में आ गया। आग की लपटें इतनी ऊंची थीं कि 20 किलोमीटर दूर से भी साफ नजर आ रही थीं। आग पर काबू पाने के लिए करीब 10 दमकल की गाड़ियां, 20 रेती से भरे डंपर, 10 जेसीबी और पोकलेन मशीनें मौके पर जुटाई गईं। फायर फाइटर्स ने लगभग 8 घंटे की





कड़ी मशक्कत के बाद आग को काबू में किया। हालांकि तब तक कंपनी का बड़ा हिस्सा जलकर खाक हो चुका था।

**पिछले साल भी लगी थी आग**

सबसे गंभीर बात यह है कि सिग्नेट पाइप कंपनी में यह आगजनी की पहली घटना नहीं है। बीते वर्षों जून माह में भी इसी तरह की घटनाएं इस कंपनी में हो चुकी हैं। कंपनी में सुरक्षा के आवश्यक साधन मौजूद नहीं थे। फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है। प्रशासन ने जांच के आदेश दे दिए हैं। घटना के बाद पीथमपुर तहसीलदार जयेश प्रताप सिंह समेत कई प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। स्थिति का जायजा लिया गया और आग पर नियंत्रण के बाद फैक्ट्री परिसर की सुरक्षा बढ़ाई गई है तहसीलदार जयेश प्रताप सिंह ने बताया आग की सूचना मिलते ही प्रशासन और फायर विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई की। फिलहाल आग पर काबू पा लिया गया है और किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। घटना की जांच कराई जाएगी।

सेक्टर तीन स्थित सिग्नेट पाइप फैक्ट्री एक बार फिर आग की लपटों में घिर गई। शुक्रवार रात करीब 1 बजे फैक्ट्री में भीषण आग लगी, और पूरे औद्योगिक क्षेत्र को धुएं ने अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी भयानक थी कि दमकल, डंपर, जेसीबी - सब मिलाकर 8 घंटे तक लगातार मशक्कत करते रहे, तब जाकर आग पर आंशिक काबू पाया जा सका। इंदौर, राऊ, महू, पीथमपुर, धार सहित आसपास के क्षेत्रों से दमकल की गाड़ियां बुलाई गईं। करीब 50 से ज्यादा फायर फाइटर्स, 10 डंपर रेती, और जेसीबी/पोकलेन मशीनों की मदद से रेती की अस्थाई दीवार बनाकर आग को रोका गया। सुबह 10 बजे तक आग काबू में आई, आग पर काबू पाने के बाद प्रशासन ने राहत की सांस ली।


## संपादकीय

### कांग्रेस की जीत का मंत्र



गुजरात के अहमदाबाद में संपन्न हुआ कांग्रेस का दो दिवसीय अधिवेशन महज एक औपचारिक सभा नहीं थी, बल्कि इसे एक सियासी पुनर्जागरण के तौर पर देखा जाना चाहिए। दशकों से गुजरात की सत्ता से बाहर कांग्रेस ने यहां से एक नई रणनीति, नई चेतना और शायद एक नए आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने की कोशिश की है। कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे और राहुल गांधी के बयानों से स्पष्ट संकेत मिलते हैं कि पार्टी अब आक्रामक तेवरों के साथ मैदान में उतरने के मूड में है। दरअसल अधिवेशन की शुरुआत करते हुए मल्लिकार्जुन खड़गे ने इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन की पारदर्शिता पर सवाल उठाए और बैलेट पेपर से चुनाव कराए जाने की मांग भी रखी। खड़गे कहते हैं कि सरकार ने एक ऐसी तकनीक अपनाई हुई है जिससे विपक्ष को नुकसान पहुंचाया जा सके। उन्होंने महाराष्ट्र चुनाव का हवाला देते हुए कहा कि 150 सीटों में से 138 सीटों पर बीजेपी की जीत संदिग्ध है। खड़गे ने यह कहकर सरकार पर आरोप ही नहीं लगाए बल्कि उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं और देश के मतदाताओं में यह विश्वास पैदा करने की कोशिश की है, कि ईमानदार चुनावों के जरिए सत्ता परिवर्तन संभव है। वहीं राहुल गांधी ने अपने सशक्त भाषण से अधिवेशन में जहां जान फूंकने का काम किया वहीं पार्टी से जुड़े लोगों को एक पार्टी विचारधारा के तहत एकजुट होकर मैदान में आने का आव्हान भी किया है। उन्होंने यहां वक्फ संशोधन कानून पर बीजेपी पर सीधा हमला बोला और इसे 'फ्रीडम ऑफ रिलीजन' और संविधान पर हमला करार दिया है। साथ ही, उन्होंने गुजरात में कांग्रेस के भीतर व्याप्त गुटबाजी पर खुलकर बात की और यह स्वीकार किया कि पार्टी के कुछ नेता जनता से कटे हुए हैं या विरोधी दलों से मिले हुए हैं। पार्टी के शीर्ष नेताओं का यह आत्ममंथन इस बात की ओर इशारा करता है कि कांग्रेस अब संगठनात्मक शुद्धि की दिशा में भी कदम बढ़ा रही है। यह एक तरह से देर आयद दुरुस्त आयद को ही चरितार्थ करने जैसा है। इस पर दो दशक पहले ही विचार कर लिया जाना चाहिए था, तब शायद पार्टी को इतना ज्यादा नुक्सान भी नहीं हुआ होता। नेताओं की आपसी खींचतान और बेमानी रुतबे के कारण पार्टी रसातल पर पहुंच गई। पहले एक-एक कर कांग्रेस के गढ़ कहे जाने वाले राज्य हाथ से जाते गए और फिर केंद्र में भी पकड़ ढीली हो गई। नतीजा यह हुआ कि पार्टी के साथ नेताओं का भी बर्चस्व जाता रहा और स्थानीय स्तर पर भी कांग्रेस का वो कद नहीं रहा जो पहले कभी हुआ करता था। इस स्थिति से पार्टी को उबारने के लिए राहुल गांधी और उनकी सीमित टीम जी-जान से लगी रही। यहां कहना गलत न होगा कि राहुल की मेहनत पर पानी फेरने का काम विरोधी सियासी पार्टियों और उनके नेताओं ने उतना नहीं किया जितना कि खुद कांग्रेस के असंतुष्ट नेताओं ने किया। बात अगर गुजरात राज्य की ही कर लें तो यहां कांग्रेस पिछले तीन दशकों से सत्ता से बाहर है। ऐसे में दावा किया जा रहा है कि गुजरात में युवाओं की एक ऐसी पौध तैयार हो चुकी है जिसे शायद यह भी न पता हो कि कांग्रेस की रीति-नीति और उसकी सरकार क्या और कैसे काम करती है। बहरहाल यह कहने की बात है, क्योंकि यहां यह नहीं भूलना चाहिए कि गुजरात में कांग्रेस का लगभग 30 प्रतिशत वोट शेयर है, जो यह संकेत देता है कि पार्टी पूरी तरह खत्म नहीं हुई है। पार्टी की नीति और रीति के प्रति जनता में लोकप्रियता बरकरार है। बस चुनाव के दौरान चाहने वालों और प्रशसंकों को वोट में कनवर्ट करने का जादू और फार्मूला पार्टी नेताओं ने भुला दिया है। यह कम बात नहीं है कि राहुल गांधी ने गुजरात में कांग्रेस की कमजोरी को स्वीकारा है और यह भी कहा है कि अगर संगठन में 30-40 लोगों को हटाना पड़े तो वो इसके लिए तैयार हैं। यह बयान न सिर्फ कांग्रेस की नीयत को दिखाता है, बल्कि एक नई शुरुआत की मंशा भी जाहिर करता है। पिछले 2024 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने गुजरात में एक सीट जीती और करीब 31 प्रतिशत वोट हासिल किए थे। यह नतीजा भले ही मामूली हो, लेकिन कांग्रेस के लिए यह मनोवैज्ञानिक जीत थी, खासकर पिछले चुनाव में मिली करारी हार के बाद यह ऑक्सीजन जैसी प्रतीत हुई है। अब जबकि विधानसभा चुनावों में आम आदमी पार्टी के साथ कांग्रेस का गठबंधन टूट चुका है, कांग्रेस को अकेले ही गुजरात में अपनी जमीन फिर से तैयार करने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। वैसे भी पार्टी अधिवेशन के जरिए कांग्रेस ने एक बार फिर यह जतला दिया है कि वह गुजरात को हल्के में नहीं ले रही है। संगठन निर्माण, जनसंपर्क और आक्रामक राजनीति के जरिए वह बीजेपी को टक्कर देने की तैयारी कर रही है। हालांकि अभी बीजेपी गुजरात में बेहद मजबूत है, लेकिन राजनीति संभावनाओं का खेल है। अगर कांग्रेस अपने संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत कर पाती है, नए और प्रभावशाली नेताओं को उभारती है और जनता से सीधा संवाद कायम करती है, तो आने वाले वर्षों में वह फिर से राज्य की राजनीति में दमदार वापसी कर सकती है। अंततः इस अधिवेशन से कोई जादुई मंत्र तो निकलता हुआ नहीं दिखा, लेकिन यह जरूर कहा जा सकता है कि कांग्रेस ने अपने घर को सजाने-संवारने के साथ ही एक विचारधारा के सूत्र में पार्टी को पिरोने का जो काम शुरू किया है यही शायद जीत की पहली शर्त होती है।

## क्लेम



पूरी तरह से सजधज कर सोनाली ने चलते चलते एक बार फिर आदम कद आईने के सामने खड़े होकर खुद को निहारा।वस्त्रों और मेकअप से संतुष्ट हुई। उसने कलाई घड़ी की गतिशील सुइयों पर नजर डाली।तभी मोबाइल की रिंग हुई।उफ़! अभिनव होगा।बहुत जल्दी मचाता है। जरा सा इंतजार बर्दाश्त नहीं होता इस मजनू से। बड़बड़ाती हुई सोनाली ने ड्रेसिंग टेबल से अपना मोबाइल फोन उठा कर ऑन किया।दूसरी ओर से आवाज़ आई,द्व 9आप सोनाली मैडम बोल रहीं हैं न? 9 जी, आप कौन? 9मैं इंश्योरेंस कंपनी से बोल रहा हूं।आपके दिवंगत पति का एक्सीडेंटल क्लेम तैयार हो चुका है।आपको जरा इंश्योरेंस कंपनी में आना पड़ेगा। पेमेंट से पहले कुछ फॉर्मेलिटीज पूरी करनी हैं। 9 कितना क्लेम पास हुआ है 9 यही कोई बीस लाख के करीब। 9ओ. के, अभी पहुंचती हूं।कह कर उसने फोन काटा और तुरन्त अभिनव को व्हाट्सएप मैसेज टाइप कर के भेज दिया, सौरी जानू, आज मेरा आना पॉसिबल नहीं है।नई डेट फिक्स कर लेंगे।आई लव यू मेरी जान। फिर सोनाली ने झटपट अपना मेकअप पोंछा, चमचमाती पार्टीवियर ड्रेस बदल कर फीके से रंग वाला सूट पहना।एक विधवा का रूप धारण कर वह जल्दी से इंश्योरेंस कंपनी के ऑफिस की ओर निकल गई।*

9 डॉ. धर्मपाल साहिल ( 9876156964)
होशियारपुर, पंजाब

# दस का दम

दस अर्थात एक का दस गुना और एक का दस कहां कैसे मिलता है इसकी चर्चा ही मानवीय वृत्तियों की स्पष्ट घोषणा है .दस का मतलब है एक के आगे शून्य पांच और पांच का जोड़. एक के आठ के सट्टे से भी दो कदम आगे.इकाई से दहाई की ओर रखा गया पहला कदम. शून्य के योग से सृजित पहली संख्या जो संख्याओं का विराट आकाश निर्मित करने को तत्पर हो उठती है.दस की संख्या पूर्णता और तृप्ति को प्राप्त होती है. पुराणों में विष्णु जी के चौबीस अवतार बताये गये हैं.इनमें दशावतार महत्वपूर्ण हैं.दशावतार विषय पर संस्कृत के नाटककारों ने जहां नाटक लिखे हैं वहीं शिल्पियों ने इनका शिल्पांकन भी किया है और फिल्में भी बनी हैं. दस नंबर एक सामान्य संख्या है .दूसरी संख्याओं की तरह लेकिन मनोज कुमार की फिल्म ने तो इस अंक का भूगोल ही बदल दिया थ.-ये दुनिया एक नंबरी तो मैं दस नंबरी .इस गीत के बाद यह अंक या संख्या न रह कर एक धूर्त बदमाश मक्कार चालाक व्यक्ति की छवि को प्रदर्शित करने लगती है. यही इसका प्रेरक सौंदर्य है.एक से लेकर नौ तक की किसी भी संख्या में यह क्षमता यह सलाहियत नहीं है जो इसमें है.इसी से इसकी बहुआयामी प्रतिभा का ज्ञान होता है. एक से नौ तक की संख्याएं डिस्टिल वाटर की तरह विशुद्ध हैं पर दस की संख्या मिलावटी है.पहले मासिक परीक्षायें भी दस नम्बर की होती थीं ताकि यह ज्ञात हो सके कि विद्यार्थी कितने नम्बरी है नई टेस्ट प्रणाली में शिक्षाविदों ने इसे क्या सोचकर बदला है कहना मुश्किल है. सामान्यतः व्यापारी अपने धंधे में दस प्रतिशत मुनाफे की व्यवस्था बना कर चलते हैं.जिनके धंधों में ऊंच-नीच होती रहती है या फिर 'वेस्टेज या डेड स्टॉक की समस्या सर चढ़ कर बोलती है वह अपनी दस प्रतिशत की शुद्ध आय के लिए मुनाफे को दस और जोड़कर बीस या इससे भी अधिक बढ़ाकर चालीस पचास प्रतिशत तक ले जाते हैं.उनकी अपनी समस्यायें,मजबूरियां हैं किन्तु उनकी शुद्ध आय दस प्रतिशत से नीचे न उतरे इसकी व्यवस्था बनी रहती है.आयकर वाले भी करारोपण की वैधानिक प्रक्रिया में यही मानकर संतोष कर लेते हैं भले ही उसका लाभ पर्दे के पीछे पचास प्रतिशत क्यों न हो. शायद इसी कारण दस टका शब्द अभी भी प्रचलन में हैं .पुराने लोगों के मुखारविंद से उचक ही पड़ता है .टका संभवतः टकसाल से बना होगा. टकसाल में ढाले गए सिक्के. पहले यह चांदी का होता था बाद में दो पैसे के बराबर के तांबे के सिक्के को टका कहा गया .जिनके पास एक टका भी नहीं होता था उन्हें समाज में सबसे गरीब माना जाता था .टका को आधार बनाकर बहुत से मुहावरे गढ़े गए जो गरीबी के स्तर और टके के महत्व को प्रदर्शित करते हैं .जैसे -टका पास न होना ,टका सा जवाब देना ,टका सा मुंह लेकर रह जाना ,टके को न पूछना .अंतिम दो मुहावरों को देखें तो टके की भी समाज में कोई हैसियत नहीं थी .उसकी खुद की माली हालत ,शक्लो सूरत ऐसी थी कि आवभगत की कमी और व्यक्ति की दयनीय अवस्था के लिए उसका प्रयोग किया जाता था.यह टका मूल रकम के सूद जितना है अर्थात कर्ज चुकाने की हैसियत न होने पर भी ब्याज देते रहने वाला दयनीय चेहरा. राजनीतिक शब्दावली में गरीब गुरबों में मुसीबत की घड़ी में दस प्रतिशत ब्याज पर भी उधार रकम लेने का रिवाज है जो कि चुकाने में वे सदैव असमर्थ सिद्ध होते हैं. इतनी अधिक दर पर रकम मूल धन का जोखिम उठाकर उन्हें दी जाती है जिनसे वापसी की उम्मीद दाता को भी कम होती है .शुरू के कुछ महीनों में ही ब्याज के नाम पर रकम निकलवाकर बाद में उन लोगों का या उनके परिवार का अलग-अलग तरीकों से शोषण किया जाता है .दूसरी ओर देखें तो दस प्रतिशत ब्याज पर उधार कौन लेता है ?जिन्हें कहीं से कुछ नहीं मिलता और न मिलने की कोई उम्मीद होती है .वह भी जानते हैं कि हम चार्वाक ऋषि की परंपरा के हैं .एक बार रकम हाथ में आ जाए ,जी भरके मौज मस्ती मना लें. देना किसे है ?साला बहुत से बहुत दरवाज़े के आगे गाली दे देगा .दो चार थप्पड़ मार लेगा ,पर घी तो पेट में चला ही जाएगा .ज्यादा नाटक करेगा तो थाने में रिपोर्ट लिखवा देंगे .लोकतंत्र में निम्न वर्ण के सामने सवर्ण की औक़ात ही क्या है ?कभी भी ,किसी भी बहाने सर झुकाने को मजबूर कर देंगे.जिस दिन ज्यादा तग़ादा किया उस दिन तो थाने में उसकी ख़ैर नहीं .शताब्दियों का बदला इस व्यवस्था में दस साल में ही पूरा करना है.साले को क़ानून के हाथी के पैरों तले कुचलवा न दें तो हमारा भी नाम नहीं.जन हितैषी सरकारें इसीलिए ही उच्चतम न्यायालयों के आदेशों में संविधान संशोधन का डंडा उलती हैं. दस वर्ष का एक दशक होता है. इसमें इतने परिवर्तन हो जाते हैं कि पीढ़ियों की शक्ल बदल जाती है. बच्चे दस वर्ष बाद पहचान में नहीं आते .सत्ता में बैठे लोग या तो सड़क पर दिखाई देते हैं या फिर जेलों में.दस वर्षों में पुरानी पीढ़ी हाशिए पर चली जाती है और नई पीढ़ी उसकी गद्दी पर अपना कब्जा जमा लेती है.दस वर्षों में क्या कुछ नहीं बदलता इसका सर्वश्रेष्ठ उदाहरण पी.एम.इन वेटिंग हैं.होने को प्रेसीडेंट इन वेटिंग भी हुए.नाम लेने से क्या फ़ायदा ,इतिहास में गुरु चेले का मजाक उड़ेगा जो गुरू शिष्य परंपरा के लिए घातक होगा. साहित्य के क्षेत्र में दस वर्षों में काव्यात्मक प्रवृत्तियां ही नहीं बदलतीं अपितु नई नई विधाएं महत्वाकांक्षी रचनाकारों द्वारा आविष्कृत होने के बाद साहित्य की मुख्यधारा होने का दावा करने लगती हैं .नए वाद और नए वादों का झंडा उठाने वाले अपने डंडों को पुरानी पीढ़ी और उससे जुड़े वादों के पुट्ठों में ठेलने लगते हैं.व्यक्ति से लेकर समूची पीढ़ी तक और प्रवृति से लेकर वाद तक दस वर्षों में ,समस्त विचारधारा या नवोन्मेषित विधा ,दीप प्रज्वलन से लेकर पूर्णाहुति को प्राप्त हो जाती हैं.जिन शोधार्थियों के विषय दशकों की प्रवृत्ति तक सीमित होते हैं वह उनका भली-भांति जिक्र कर देते हैं .अर्धशती या शताब्दियों वालों के लिए उनका नाम भी लेना गुनाह जैसा हो जाता है .दस वर्ष की दीर्घावधि में विश्वविद्यालय के शोध केंद्र और उनकी दशा-दिशा भी बदल जाती है .शोध निदेशक ,एक्सपर्ट ,रिसर्च कमेटी के सदस्य, अध्यक्ष या तो बदल जाते हैं या फिर पूर्णायु को प्राप्त कर लेते हैं.उसके बाद बहुत सी शोधात्मक गतिविधियां अनुकूल व्यक्ति और परिस्थिति के अभाव में कालकवलित हो जाती हैं.लेकिन इतनी ही अवधि में तुलसी अकादमी ,निराला अकादमी ,बाल्मीकि शोध संस्थान ,इत्यादि विभिन्न संस्थाओं से बंटी हुई विद्यावाचस्पति की उपाधि से गौरवान्वित महामहिम स्वयं को पीएचडी होल्डर के समकक्ष प्रदर्शित करने का स्वांग करने लगते हैं.ऐसे विचित्र युग में जब शिक्षा मंत्री की डिग्री ही संदेहास्पद हो इनकी डिग्रियों की जांच करने की मांग का दुस्साहस भी भला कौन कर सकता है पिछले एक दशक में जो विशेषज्ञ जिस विषय की ऐसी-तैसी कर देते हैं उसी विषय पर अगले दशक में आए विशेषज्ञ उसे शोध के लिए स्वीकृत कर देते हैं .इसी तरह के खेल शोधार्थियों के शोध प्रबंधों के साथ होते रहते हैं .समझ समय के साथ आती है.अनुभवों से आती है.ठोकर खाने से आती है,इसमें कदापि संदेह नहीं क्योंकि तब तक शोधार्थी शोध व्यवस्थाओं को समझने लगते हैं.दशक बदलते ही दुनिया बदल जाती है.रोने वाले हंसने लगते हैं हंसने वाले रोने लगते हैं.क्यों कभी विचार कीजिये शायद आप भी बैठे ठाले में दार्शनिक हो जायें.





व्यंग्य
अरण्यरोदन

डॉ महेन्द्र अग्रवाल
सदर बाजार शिवपुरी म-प्र-
9425766485

# विडंबना

मां! तुम मुझे फिर से जन्म दे सकती होज़? गोरी बनाकर? ये हैं शारदा मुरलीधरन..। आप केरल की मुख्य सचिव हैं। मन से काले लोगों के संसार में आप तन से काली हैं। मैंने स्पेक्ट्रम के बारे में जितना पढ़ा है उसके मुताबिक जब प्रकाश के सारे अवशोषित होते हैं तब काला रंग बनता। रंग ऊर्जा के प्रतीक होते हैं। मतलब यह की जिनमें सबसे ज्यादा ऊर्जा होती है, यानी जो ऊर्जा-पुंज होते होते हैं, वे काले होते हैं। राम, कृष्णज्कोई गोरे नहीं थे। नारी शक्ति की प्रतीक हमारी दिव्य मां भवानी भी काली हैं..काली मां, महाकाली। धर्म शास्त्र, राजनीति शास्त्र, समाज शास्त्र, खेल, कला.. सभी में काले लोगों की प्रतिष्ठा रही है। जीवन संघर्ष लोगों का रंग काला करता है। चिंतकों का भ्रमण भी उन्हें काला रंग देता है। दायित्व बोध से भी रंग दबता है। अन्वेषण-यत्न भी काले रंग के लिए जिम्मेदार हैं। हां कुछ न करें। अजगर वंश का परिपालन करें तब गोरे चिट्टे बने रहेंगे। लेकिन इसका मतलब यह भी नहीं है कि सारे गोरे-गोरे लोग अजगर वंशी हैं। शारदा मुरलीधरन को काला कहने वाले अंग्रेजों से प्रभावित रहे हैं। अंग्रेज गोरे हैं। हम पर शासन किया तो ये काली महिला हम पर शासन कैसे कर सकती है? विडंबना देखिए शारदा मुरलीधरन ने बताया कि , जब वह चार साल की थीं और अपनी मां से पूछती थीं कि क्या वह उन्हें वापस गर्भ में रख सकती हैं और उन्हें पूरी तरह गोरी बनाकर बाहर ला सकती हैं। यकीनन यह समाज में फैले उस अ-सामाजिक अ-संस्कारों का नतीजा है, जो एक बच्चे को बचपन में ही इस बात के लिए प्रताड़ित करने लगता है कि, 'तू काला है?' मैं अपनी बताऊं कि मेरी मां भी काली थी। लेकिन हम सारे भाई बहनों की नजर में समूची दुनिया में उनसे खूबसूरत कोई नहीं था। काला रंग ही एक संपूर्ण रंग। सफेद तो कोई रंग ही नहीं होता।? काला, ऐसा होता है जो कभी रंग नहीं बदलता। रंग बदलने में गिरगिट को भी शर्मिंदा करने वालों के समाज में शारदा मुरलीधरन जैसे लोगों ने सामाजिक मूल्यों को जीवित रखा है। रंग विभेद का भाव जिन लोगों के मन में है.. यकीनन उन्हें अपनी आंखों का नहीं अपने कुत्सित दिमाग का इलाज कराना चाहिए। जो रंग के हिसाब से लोगों का दर्जा आंकते हैं वो निहायत घटिया, गंदे, बदमाश और कमीने लोग हैं। एक बार फिर से , जो रंग के हिसाब से लोगों का दर्जा आंकते हैं वो निहायत घटिया, गंदे, बदमाश और कमीने लोग हैं।




शारदा मुरलीधरन के अनादर से मुझे अपने आसपास पर शर्म आ रही हैज्उम्मीद है आप खुश नहीं होंगे?


डॉ. प्रदीप मिश्र
9827063496

# एक खोई हुई गाड़ी का मिलना



दयारामजी को अपनी पुरानी स्कूटर गाड़ी वैसे ही पसंद थी जैसे तारक मेहता का उल्टा चश्मा में गोकुलधाम सोसायटी के एकमेव सेक्रेटरी भिड़े मास्टर को उनका 'सखाराम' या पोपट पत्रकार को उनका छाता। होली वाले दिन उनके स्कूटर को होली के हुडदंगियों ने कहीं छुपा दिया। दयाराम जी को लगा शहर में वैसे ही अपराध और चोरियाँ बढ़ गई हैं तो एक जागरूक नागरिक होने के नाते उन्होने पहले डायल 100 पर शिकायत की जिसका नतीजा शिफर रहा, तब वे दूसरे दिन आवेदन लेकर थाने पहुंचे, थानेदार ने आवेदन लेने से इंकार कर दिया और बोले पहले आस-पास अस्पतालों की पार्किंग, स्टेशन बस स्टैंड या बाजार की पार्किंग में स्वयं तलाश कीजिये, सीसीटीवी फुटेज उपलब्ध करवाइए, यदि नहीं मिलती है तो दो चार दिन बाद आपका आवेदन ले लेंगे। बेचारे बिना गाड़ी के वैसे ही अपंग हो गए थे उस पर पुलिस वालों की यह हिदायत पाकर और दुखी हो गए। चार-पाँच दिन बाद भी जब स्कूटर नहीं मिली तो एफआईआर लिखवाने थाने पहुंचे। पहले तो उन्हे समझाया गया कि शहर में रोजाना हजारों गाड़िया चोरी होती है पुलिस कहाँ तक गाडियाँ ढूँढे, पुलिस के पास भी केवल गाड़ी ढूँढने का काम तो है नहीं! उसे धार्मिक भावनाएं भड़काने वालों को भी पकड़ना है तो आपसी विवाद के लड़ाई-झगडे वालों को भी, कहीं दंगाइयों को तो कहीं अपराधियों को, भ्रष्टाचारियों, घुसपेठियों और आतंकवादियों को भी पकड़ने की ज़िम्मेदारी पुलिस की ही होती है। इस बीच कहीं छात्रों का प्रदर्शन तो कहीं बेरोजगारों का प्रदर्शन, कहीं धार्मिक जुलूस तो कहीं किसानों का धरना, कभी पहलवानों का उग्र प्रदर्शन तो कभी चुनावी रैली और आम सभा, इसके अलावा वीआईपीयों की सुरक्षा का जिम्मा भी पुलिस का ही होता है। इन सबसे कुछ समय बचे, तब कहीं गाड़ी-चोरी जैसे मामूली प्रकरण की जांच कर पाते हैं, और फिर आपकी तो पुरानी गाड़ी थी। आपको अपनी गाड़ी का ध्यान खुद रखना चाहिए! खैर, दयाराम जी ने जैसे-तैसे रिपोर्ट लिखवाई, वे जानते हैं कि गुमी हुई गाड़ी मिलना उतना ही असंभव है जितना कि देश में बिना रिश्वत के कोई काम का होना किन्तु एफआईआर लिखवाना जरूरी है ताकि कोई अपराधी यदि गाड़ी का उपयोग किसी अपराध में कर ले, तो सनद रहे। घर लौटे तो बच्चों ने कहा - पुरानी गाड़ी थी भूल जाइए, नई दिलवा देते है। किन्तु उन्हे तो उस गाड़ी से विशेष लगाव था, वे नहीं माने। दयाराम जी अपने किसी भी पड़ोसी, रिशतेदार या मित्रों को जब स्कूटर गुमने की बात बतलाते तो कोई कहता जमाना ही खराब है, कोई पुलिस की नाकामी को दोष देता तो कोई किस्मत को, सब उन्हे तरह-तरह से सान्त्वना देते। दयारामजी द्वारा बीमा कंपनी को बीते वर्षों में जो बीमा प्रीमियम का भुगतान किया था वह लगभग उस स्कूटर की कीमत के बराबर तो हो ही चुका था। दयाराम जी को विश्वास था कि गाड़ी का कम से कम बीमा है तो बीमा कंपनी, बीमा राशि का तुरंत भुगतान कर ही देगी किन्तु बीमा कंपनी ने गाड़ी की दोनों चाबियाँ उपलब्ध नहीं होने का कारण उनका क्लैम निरस्त कर दिया। दयाराम जी बड़े निराश हुए क्योंकि बीमा कंपनी के एजेंट ने इतने वर्षों में बीमा कंपनी की अत्यंत बारीक अक्षरों में लिखी गई शर्तों पर हस्ताक्षर करवाते समय यह कभी नहीं बताया कि गाड़ी गुम होने पर यदि दोनों चाबियाँ उपलब्ध नहीं हुई तो क्लेम निरस्त हो सकता है। खैर, पुलिस ने एफआईआर लिख तो ली थी किन्तु ढूँढने के लिए कोई विशेष प्रयास नहीं किए। एक दिन अचानक उनकी गाड़ी प्रकट हो गई, इसकी सूचना जब पुलिस को दी तो उन्होने पंचनामा बनाकर गाड़ी जब्त करने में जरा भी देर नहीं की, पंचनामा क्या बना, दयारामजी को लगा उनकी इज्जत का भी पंचनामा बन गया। दयाराम जी ने अपनी साधारण बुद्धि का उपयोग कर थानेदार सा से कहा - गाड़ी मिल गई है, गाड़ी के दस्तावेज़ देख लें, पड़ोसियों की गवाह ले लें और एफआईआर निरस्त करके, गाड़ी हमें सुपुर्द कर दें। इसपर थानेदार ने उन्हे अपने पुलिसिया अंदाज में झिड़कते हुए समझाया कि अब तो आपको गाड़ी प्राप्त करने के लिए पूरी न्यायिक प्रक्रिया से गुजरना होगा अर्थात थाने और अदालत के चक्कर लगाना ही होंगे। दयाराम जी ने पहले कभी कोर्ट नहीं देखी थी, बेचारे धक्के खाते-खाते कोर्ट पहुंचे, प्रक्रिया जानना चाही तो किसी ने उन्हे एक वकील के पास पहुंचा दिया, वकील सा ने नया मुर्गा देखा तो उनसे गाड़ी सुपुर्दगी आदेश तक की प्रक्रिया के शुल्क स्वरूप रुपये 3000 की मांग की गई। मरता क्या ना करता, उन्होने थोड़ा मोलभाव किया तो वकील साहब रु 2500 में मान गए। दयाराम जी ने उनसे इस प्रक्रिया में लगने वाले समय की जानकारी मांगी तो वकील साहब ने उन्हे शीघ्र निपटान का आश्वासन दे दिया। संबन्धित न्यायालय में उचित दस्तावेज़ प्रस्तुत किए गए और पेशी का सिलसिला आरंभ हुआ। आगामी तारीख पर दयारामजी न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत हुए तो न्यायाधीश ने उनसे ऐसे प्रश्न किए मानो वे अपराधी हों। प्रश्न पूछकर पुनः पेशी की नई तारीख। दयाराम जी ने वकील सा से पेशी की नई तारीख के बारे में पूछा तो वे बोले - दयारम जी! आप कोई मंत्री, मुख्यमंत्री या बड़े नेता अथवा आतंकवादी तो है नहीं कि आपके लिए अदालत विशेष रूप से समय निकाल कर फैसला दे, आपको कम से कम दो चार बार तो अदालत में पेश होना ही पड़ेगा। दयाराम जी गाड़ी गुम होने पर इतने दुखी नहीं थे जितना गाड़ी के मिल जाने के बाद, थाने और अदालत के चक्कर लगाने से परेशान हैं।





व्यंग्य
वक्रासन

सुरेश रायकवार
152 ए गोयल नगर इंदौर,
मोब 8818838007

## यातायात व्यवस्था को ई-रिक्शा चालक बिगाड़ रहे हैं कलेक्टर को लिखा पत्र



**इंदौर।** मानव अधिकार एवं अपराध नियंत्रण संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अमित सिसौदिया के मार्गदर्शन में पश्चिम झोन अध्यक्ष हरीश वोरा ने जिला कलेक्टर को लिखा पत्र जिसमें ई रिक्शा चालक व चालकों पर नियंत्रण के लिए सुझाव व शिकायत दोनों की गई हेल्पलाइन नंबर एक हेल्पलाइन नंबर स्थापित करें जहां ई रिक्शा चालक और यात्री अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

**ऑनलाइन पोर्टल**- एक ऑनलाइन पोर्टल बनाएं जहां शिकायतें दर्ज की जा सकती हैं और उनका समाधान किया जा सकता है *सामुदायिक केंद्र-* सामुदायिक केंद्रों में शिकायत पेटी स्थापित करें जहां लोग अपनी शिकायतें दर्ज कर सकते हैं।

**लाइसेंसिंग**- ई रिक्शा के लिए लाइसेंसिंग प्रणाली लागू करें जिससे उनकी संख्या को नियंत्रित किया जा सके। क्योंकि 12-15साल के बच्चे इसी बिना डरे शहर में चला रहे हैं

**नियमन**-ई रिक्शा के लिए नियमन बनाएं जैसे कि उनकी संख्या, मार्ग, और समय को नियंत्रित करना।

**निगरानी**- ई रिक्शा की निगरानी के लिए एक प्रणाली स्थापित करें जिससे उनकी संख्या और गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। ई-रिक्शा की नंबर प्लेट और ई रिक्शा की लंबाई चौड़ाई बराबर ना होने के कारण कई तरह की घटनाएं होती है , इसमें सुधार की अत्यंत आवश्यकता है।



**इंदौर। पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र कुमार जैन अध्यक्ष श्री अनिल जैन इटको , महामंत्री श्री राजेश जैन पूजनबजरंग नगर, नन्दा नगर व सेतवाल मन्दिर जी में श्री 1008 भगवान महावीर स्वामी जन्मकल्याणक महोत्सव जुलूस निकाल कर धूमधाम से मनाया गया।**

## निगम की नई गौशाला का भूमि पूजन , मुख्यमंत्री होंगे शामिल

**इंदौर।** ग्राम आशापुर तहसील महू में इंदौर नगर निगम के द्वारा निर्मित की जाने वाली नई गौशाला का भूमि पूजन 12 अप्रैल को आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव भी शामिल होंगे। परिणाम स्वरुप कार्यक्रम के आयोजन की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। ज्ञात हो कि 10000 गायों को रखने के लिए निर्मित यह गौ शाला सरकारी नजूल की जमीन पर निर्मित की जा रही है। नगर निगम के प्रस्ताव पर कलेक्टर के द्वारा राज्य शासन से मंजूरी प्राप्त कर यह जमीन निगम को आवंटित कर दी गई है। मुख्यमंत्री के कार्यक्रम में शामिल होने के मद्देनजर कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा ने अन्य अधिकारियों के साथ आज सुबह इस स्थान का दौरा किया।

## श्री मेड़तवाल समाज के त्रिवार्षिक चुनाव में शक्तिनाथ गुप्ता अध्यक्ष, लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल सचिव निर्वाचित

**इंदौर।** स्थानीय मथुरा मांगलिक भवन, छोटा बांगड़दा पर श्री इंदौर मेड़तवाल (वैश्य) समाज के त्रिवार्षिक चुनाव संपन्न हुए। चुनाव अधिकारी राधेश्याम गुप्ता ने बताया कि सम्पन्न चुनाव में अध्यक्ष शक्तिनाथ गुप्ता, उपाध्यक्ष शीला आरएस गुप्ता और रामबाबू मोदी, दिलीप करोड़िया, सचिव लक्ष्मीनारायण मेड़तवाल, सहसचिव मनीष गुप्ता, कोषाध्यक्ष बालकृष्ण चौधरी, संगठन मंत्री भगवानदास करोड़िया और प्रचार मंत्री गिरिराज गुप्ता निर्वाचित हुए। इस मौके पर उपस्थित सभी समाजजनों ने उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी।

## बाबा भूतनाथ मंदिर पर फल वितरण



**इंदौर।** माय टीम फाउंडेशन द्वारा माय टीम फाउंडेशन के फाउंडर विजय प्रकाश कुवाल एवं अध्यक्ष अमित मुराड़े द्वारा बाबा भूतनाथ मंदिर, रंगवासा, राऊ पर केले, चीकू, संतरे का फल वितरण किया गया ! महाआरती में सम्मलित होकर , आए हुए बीमार व्यक्तियों के लिए दुआ की ! एवं मंदिर के सेवक रवि पाटीदार जी से मिलकर उनके खुशहाल जीवन की प्रार्थना की ! फल वितरण समारोह में कपिल लम्बाते, रवि यादव, प्रकाश कड़ोले, सुनेंद्र सिंह चौधरी , राहुल साल्वी, विकास सैनी, सचिन सिलावट, संतोष पचोरे , सन्नी पवार, विनीत यादव उपस्थित रहे !

## चांदी के रथ पर विराजित होकर नगर भ्रमण पर निकले भगवान महावीर : जैन मंदिरों में हुआ कलशाभिषेक और पूजन



**महू** (इंदौर समाचार) दिगम्बर जैन समाज द्वारा गुरुवार को महावीर जयंती मनाई । इस दौरान नगर में सुबह रथयात्रा निकाली गई । इसके साथ ही मंदिरो में विशेष पूजन व कलशाभिषेक हुए। भगवान महावीर के रथ के सारथी की बोली जितेंद्र ओम प्रकाश रावका द्वारा लगाई गई द्य महावीर जयंती पर गुरुवार सुबह चारों प्रमुख जैन मंदिर बड़े मंदिरजी, अजमेरी मंदिरजी, तेरापंथी मंदिरजी, चैत्यालय मंदिरजी में सुबह कलशाभिषेक व पूजन हुआ । इसके बाद सुबह सांघी स्ट्रीट चौराहा से रथ यात्रा निकाली गई। इसमें रजत जड़ित रथ में सवार होकर भगवान नगर भ्रमण करेंगे। रथयात्रा सांघी स्ट्रीट से गर्ल्स स्कूल चौराहा, हरीफाटक, मोती चौक, फूल चौक, माणक चौक, ड्रीमलैंड चौराहा, मेन स्ट्रीट, कोतवाली चौक होते हुए पुन- शुरुआत स्थल पर समाप्त हुई । रथयात्रा में महिलाएं केसरिया पुरुष वर्ग सफेद ड्रेस कोड में शामिल हुए। रथयात्रा के समापन पर बड़े मंदिरजी में कलशाभिषेक हुए । वहीं शाम को समाज का स्नेह सम्मेलन संपन्न हुआ

भाजपा का गांव चलो अभियान

# सांसद शंकर लालवानी और जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा ने नैनोद पंचायत में मंदिर में चलाया स्वच्छता अभियान आंगनवाड़ी के बच्चों से संवाद भी किया

**इंदौर, राष्ट्रीय जनभावना।** भाजपा द्वारा स्थापना दिवस कार्यक्रम के तहत चलाए जा रहे गांव चलो अभियान में आज सांसद शंकर लालवानी और भाजपा जिला अध्यक्ष श्रवण सिंह चावड़ा राऊ विधानसभा के ग्राम पंचायत नैनोद पहुंचे। यहां उन्होंने मंदिर में स्वच्छता अभियान चलाया, आंगनवाड़ी के बच्चों से संवाद किया साथ ही विकास कार्यो का भूमिपूजन भी किया।





गांव चलो अभियान के अंतर्गत सांसद श्री लालवानी एवं जिला अध्यक्ष श्री चावड़ा आज दोपहर राऊ विधानसभा की ग्राम पंचायत नैनोद स्थित दिलीप नगर के बूथ क्रमांक 105 पर पहुंचे, यहां उन्होंने हनुमान मंदिर में स्थानीय रहवासियों के साथ मंदिर प्रांगण में झाडू लगाकर सफाई अभियान चलाया। दिलीप नगर में आंगनवाड़ी के बच्चों से संवाद करते हुए मध्यान्ह भोजन और अन्य सुविधाओं की जानकारी ली। नैनोद पंचायत में केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार की योजनाओं के हितग्राहियों से संवाद करते हुए सांसद लालवानी ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व वाली सरकार, प्रदेश में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी के नेतृत्व वाली सरकार है, इस डबल इंजन की सरकार से देश और प्रदेश में चहुंमुखी विकास हो रहा है, साँस्कृतिक विरासतों का संवर्धन, युवाओं को कौशल से जोड़ने का, महिलाओं को सशक्त बनाने के साथ साथ गरीबों के कल्याण के लिए अनेकों जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। उन्होने कहा कि मोदी जी के नेतृत्व में देश की अर्थव्यवस्था मजबूत हुयी है। जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा ने कहा कि भाजपा की जब जब सरकारें आती है तो विकास में गति आती है। प्रधानमंत्री मोदी जी गांव, गरीब, किसान को झुग्गी झोपड़ी से मकान में लेकर आए हैं। लोग कहते थे कि राम मंदिर बनाएंगे, लेकिन तारीख नहीं बताएंगे, मोदी जी के नेतृत्व में मंदिर भी बना और प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा भी पूरे देश में भव्य तरीके से मनाई गई। लोग कहते थे कि धारा 370 कभी नहीं हट सकती, लेकिन मोदी जी के नेतृत्व में धारा 370 भी समाप्त हो गई, देश में एक विधान और एक प्रधान हो गया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के नेतृत्व में नवाचारों के माध्यम से प्रदेश को आत्मनिर्भर बनाने का काम हो रहा है। इनवेस्टर सम्मिट के माध्यम से लाखों करोड़ों का इनवेस्टर हुआ है, वही भगवान राम और भगवान कृष्ण जी के पाथेय का निर्माण भी होने जा रहा है, जिसके फलस्वरुप मप्र विकसित मप्र बनेगा। इस अवसर पर विधायक एवं सांसद निधि से बनने वाले कम्यूनिटी हॉल का लोकार्पण, श्मशान घाट और समर्थ पार्क रोड का भूमिपूजन भी सांसद श्री लालवानी और जिला अध्यक्ष श्रवण चावड़ा ने किया। उन्होंने हितग्राहियों को योजनाओं की जानकारी भी दी। निवर्तमान जिला अध्यक्ष चिंटू वर्मा ने राऊ विधानसभा की देवगुराडिया ग्राम पंचायत में स्वयं सहायता समुह की बहनों से संवाद कर केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर रामस्वरूप गहलोत, कैलाश चौधरी, मोहन कछावा, सरपंच सुरेंद्र सिंह सोलंकी, नीतू सिंह, सहित अनेक कार्यकर्ता एवं रहवासी उपस्थित थे।

# महिला सशक्तिकरण पर आधारित आभार व सम्मान कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**इंदौर** मध्य प्रदेश साहू समाज, इंदौर इकाई के तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण पर आधारित कार्यक्रम आभार व सम्मान का आयोजन रखा गया।अध्यक्षता संयोजिका श्रीमती क्रांति सतीश साहू ने की। स्वागत श्रीमती उर्मिला प्रवेश साहू व श्रीमती जयश्री किशोर साहू ने किया। कार्यक्रम व संगठन की भूमिका प्रमुख सलाहकार उद्योगपति रवि साहू ने रखी । संचालन श्रीमती शांति गुप्ता व श्रीमती मिली साहू ने किया।इस कार्यक्रम में 80 से अधिक महिलाओं ने शिरकत की। सभी का सम्मान मंच से मेडल पहनाकर किया गया। कार्यक्रम में 5 श्रेष्ठ परिचय व विचार प्रस्तुति को सम्मानित किया गया। निर्णय प्रवेश साहू ने किया।श्रीमती क्रांति सतीश साहू को उपस्थित समस्त मातृशक्ति ने सम्मान स्वरूप संस्था का प्रतीक चिन्ह भेंट किया।आभार अखिल भारतीय युवक युवती परिचय महासम्मेलन 2025 के अध्यक्ष सतीश साहू ने माना।कार्यक्रम में शिरकत करने वाली समस्त मातृशक्ति को रवि गृह उद्योग की ओर से उपहार पैकेट दिया गया।



## महावीर जयंती पर शोभायात्रा का स्वागत किया

**महू** (इंदौर समाचार) आद्यगौड गौड ब्राह्मण महापंचायत महू द्वारा स्थानीय सांघी स्ट्रीट पर श्री महावीर जयंती महोत्सव की शोभायात्रा का स्वागत किया गया। अध्यक्ष पं दिनेश शर्मा, सचिव पं विवेक शर्मा द्वारा भगवान महावीर जी की आरती उतारी गई उपस्थित सदस्यों द्वारा पुष्प वर्षा की गई। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य पं रामबाबू शर्मा ,पं ऋषिराज शर्मा, भगवान परशुराम जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं अंजनी जोशी, पंचायत के कोषाध्यक्ष पं विजय शर्मा, महिला मंडल की अध्यक्ष श्रीमती रमा शर्मा, सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल की कोषाध्यक्ष श्रीमती अखिलेश शर्मा, पंचायत के उपाध्यक्ष पं आशीष शर्मा, पं पवन शर्मा, पं अक्षय महर्षि, पं धर्मेंद शर्मा, पं यश तिवारी, श्रीमती शीतल तिवारी, पं नितिन महर्षि, पं कार्तिक शर्मा आदि उपस्थित रहे। उक्त जानकारी प्रचार मंत्री महेश शर्मा ने दी



## सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल का गठन डॉ स्वर्णा अध्यक्ष, आरती व दीपा सचिव

**महू** (इंदौर समाचार) सर्व ब्राह्मण समाज की बैठक संरक्षक पं कैलाश दत्त पाण्डेय की अध्यक्षता एवं अध्यक्ष पं दिनेश शर्मा के आतिथ्य में संपन्न हुई। बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल का गठन किया गया। उपस्थित महिलाओं द्वारा सर्व सहमति से अध्यक्ष डॉ श्रीमती सुवर्णा दुबे, सचिव श्रीमती आरती शर्मा एवं श्रीमती दीपा पाठक तथा कोषाध्यक्ष श्रीमती अखिलेश शर्मा को नियुक्त किया गया इस निर्णय पर उपस्थित महिलाओं ने सहमति जताई बैठक में सर्व ब्राह्मण समाज महिला मंडल की वरिष्ठ सदस्य डॉ श्रीमती रीता उपमन्यु, श्रीमती पुष्पा पाठक, श्रीमती लक्ष्मी दुबे, पूर्व अध्यक्ष श्रीमती ज्योति त्रिवेदी, श्रीमती रेणु शुक्ला, श्रीमती शोभा व्यास, श्रीमती निशा शर्मा , श्रीमती संध्या पंडित, श्रीमती मनीषा शर्मा, श्रीमती स्वाति शर्मा, आद्य गौड ब्राह्मण महापंचायत की अध्यक्ष श्रीमती रमा शर्मा, श्रीमती अंजली शर्मा, श्रीमती मंजू तिवारी, श्रीमती मीना शर्मा, श्रीमती प्रियंका जोशी, श्रीमती निर्मला शर्मा, श्रीमती नीतू व्यास, श्रीमती स्वाति दुबे आदि सहित कई महिलाएं उपस्थित थीं। बैठक में उपस्थित भगवान श्री परशुराम जयंती महोत्सव समिति के अध्यक्ष पं अंजनी जोशी द्वारा भगवान श्री परशुराम जी के प्राकट्योत्सव पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों के संदर्भ में विचार व्यक्त किए। संचालन पं विजय शर्मा ने किया। आभार महिला मंडल की नवनियुक्त सचिव श्रीमती दीपा पाठक ने माना।



# भाजपा ने चलाया स्वच्छता अभियान, मंदिर पर श्रमदान कर दिया स्वच्छता का संदेश

**महू** (इंदौर समाचार)भारतीय जनता पार्टी के स्थापना सप्ताह 6 से 14 अप्रैल के तहत महू के जी माहेश्वरी नगर मंडल द्वारा चक्की वाले बाबा मंदिर परिसर में एक विशेष स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया।

इस अभियान में भाजपा कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और मंदिर परिसर में श्रमदान करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। स्वच्छता अभियान के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने न केवल परिसर की सफाई की, बल्कि स्थानीय श्रद्धालुओं और निवासियों को भी स्वच्छता के महत्व के बारे में जागरूक किया।इस अवसर पर मंडल के कार्यकर्ताओं ने झाड़ू लगाई, कचरा उठाया, जल स्रोतों की सफाई की और वृक्षों के आस-पास सफाई की।नगर अध्यक्ष पियूष अग्रवाल ने बताया कि, ÷सेवा ही संगठन का मूल है। इस अभियान में नगर अध्यक्ष पीयूष अग्रवाल , नगर महामंत्री महेश बागड़ी, ईश्वर सेठ, डॉ नरेंद्र शर्मा, अशोक परदेशी, विजय श्रीवास, उमा गोयल, लता यादव, रानी यादव, संगीता चौरसिया, सुलेखा द्विवेदी, कांता सोडानी, गोपाल दुबे, राम लाल चौहान,सुखराम सेनी, शरद अग्रवाल, राजेश सानकलियाँ, राहुल सोनकर, राजेश धीमान, विपुल सिंघल, अंकुर मित्तल,जितेंद्र मोरे, योगेश शमी, अरविंद कदम,सुरेश कौशल, प्रदीप कौशल, नंदू गोहर, दीपेश शर्मा, एवरेस्ट नागे, दिलीप कौशल, महेंद्र तराई, सोनू पवाँर, रवि महरोलिया, रोहित चौहान, सुनितासोनी, संदीप निम, सरोज निम सुषमा गौतम आदि उपस्थित थे।



# टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन एवं इंदौर सीए शाखा द्वारा आयकर अपील विषय पर सेमिनार का आयोजन

**इंदौर (राष्ट्रीय जनभावना)।** इंदौर सीए शाखा एवं टैक्स प्रेक्टिशनर एसोसिएशन द्वारा आयकर अपीलीय विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया, जिसमें सीए मनीष डफरिया ने ÷आयकर में प्रथम अपील की तैयारी, स्टे ऑफ डिमांड एवं पेनाल्टी होल्ड÷ विषय पर व्याख्यान दिया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ चार्टर्ड अकाउंटेंट श्री पी.डी. नागर ने की। टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के प्रेसिडेंट सीए जे पी सराफ ने कहा कि भारतीय आयकर अधिनियम 1961 के अनुसार अपील से आशय उन करदाताओं के द्वारा इस अधिनियम के अंतर्गत याचिका दायर करने से है जिन्हें लगता है कि उनके ऊपर गलत या अनुचित तरीके से कर लगाया गया है । टैक्स प्रैक्टिशनर्स एसोसिएशन के मानद सचिव सीए डॉ अभय शर्मा ने बताया कि अपील विधिसम्मत न्याय प्राप्त करने का अच्छा जरिया हैद्य यह न केवल त्वरित न्याय प्रदान करता है वरन नए कर सलाहकार/सीए सदस्यों को प्रोफेशनल ऑपर्चुयुनिटी भी प्रदान करता है द्य सीए शर्मा ने कहा कि असेसिंग अफसर का आदेश; जिसके विरुद्ध अपील की जाना है उसे सावधानी से पढ़ना चाहिए तथा उसके महत्वपूर्ण बिंदु नोट करना चाहिएद्य अपील के सब्मिशन में आदेश के सभी बिंदु कवर हो गए हैं यह अवश्य सुनिश्चित करना चाहिए . अपने व्याख्यान में सीए मनीष डफरिया ने बताया कि अब आयकर में प्रथम अपील की प्रक्रिया पूरी तरह से फेसलेस हो गई है। उन्होंने जोर देकर कहा कि अब एक सफल अपील के लिए अच्छे ड्राफ्टिंग स्किल्स का होना अत्यंत महत्वपूर्ण हो गया है। अच्छी तरह से तैयार किये गये स्टैट्मन्ट ऑफ फैक्ट, ग्राउंड्स ऑफ अपील और अपील की सुनवाई के समय उचित सब्मिशन, अपील में सफलता की सम्भावना बढ़ाता है । श्री डफरिया ने बताया कि चूंकि अब मामले को मौखिक रूप से समझाने की कोई व्यवस्था नहीं है, इसलिए एक अच्छे केस में भी खराब ड्राफ्टिंग के कारण सफलता नहीं मिल पाती है। उन्होंने कहा कि कर निर्धारण आदेश के विरुद्ध अपील तकनीकी और मेरिट दोनों आधारों पर दायर की जानी चाहिए। कई मामलों में तकनीकी कारण यथा प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन, शो कॉज़ नोटिस का सही नहीं होना, शो कॉज़ नोटिस में पर्याप्त समय नहीं दिया जाना, नोटिस का टाइम बारिंग होना आदि ही निर्धारण आदेश को निरस्त करवाने के लिए पर्याप्त होते हैं। अध्यक्ष श्री पी.डी. नागर ने कर निर्धारण आदेश की डिमांड के स्टे के संबंध में विभिन्न न्यायिक निर्णयों की जानकारी दी। सेशन चेयरमैन सीए पी डी नागर ने कहा कि वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने राज्यसभा में स्वयं स्वीकार करा कि लगभग 71000 केसेस देश की आयकर ट्रिब्यूनल, हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं तथा 6 लाख से ज़्यादा केसेस कमिश्नर अपील स्तर पर पेंडिंग हैं तथा इसमें 11.80 लाख करोड़ की डिमांड पेंडिंग है। उन्होंने कहा कि इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की रिपोर्ट में कहा गया कि लगभग 43 लाख करोड़ की टैक्स डिमांड पेंडिंग है जिसमें से 29 लाख करोड़ की टैक्स डिमांड डाउटफुल है।






# कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति की बैठक हुई सम्पन्न

**बड़वानी।** कलेक्टर गुंचा सनोबर की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक जगदीश डाबर की उपस्थिति में शुक्रवार को कलेक्टर कार्यालय में स्वास्थ्य संस्थान सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें स्वास्थ्य संस्थानों में समग्र सुरक्षा नीति का निर्माण कर उसे प्रभावी रूप से लागू करने एवं विभिन्न सुरक्षा पहलुओं को सम्मिलित करने वाले मानक संचालन प्रक्रियाएं विकसित करने संबंधी विषयों पर चर्चा की गई।

स्वास्थ्य संस्थानों में सीसीटीवी कैमरों से निगरानी के संबंध में कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि जिला स्तर के स्वास्थ्य संस्थानों के मुख्य प्रवेश द्वार पर कैमरे अवश्य लगाएं एवं साथ ही यह भी सुनिश्चित करें कि किसी ना किसी की ड्यूटी लगाकर इसकी सतत निगरानी में रखे। जिससे कोई अप्रिय घटना पर त्वरित प्रतिक्रिया स्वरूप कार्रवाई की जा सके।



आपातकालीन स्थितियों जैसे हिंसक भीड़ इत्यादि घटनाओं के लिए समुचित व्यवस्था रखे। प्रवेश व भीड़ नियंत्रण के संबंध में विजिटर पालिसी लागू करने के लिए निर्देशित किया। जिसमें 1 मरीज के साथ एक समय पर 1 अटेण्डर हो। साथ ही समय निर्धारित कर 1-2 घंटे की छूट हो, जिसमें 4 से 6 व्यक्ति को मरीज से मिलने की अनुमति हो। सुरक्षा मानकों का पालन सुनिश्चित किए जाने के लिए नियमित सुरक्षा ऑडिट फायर एनओसी आदि का निरीक्षण रिपोर्ट नियमित अंतराल पर वरिष्ठ कार्यालय को प्रेषित करे। स्वास्थ्य संस्थानों पर बाउण्ड्रीवाल है या नहीं क्योंकि यदि हर स्वास्थ्य संस्थानों में बाउण्ड्रीवाल होगी तो सुरक्षा संबंधी कई समस्याओं का निराकरण स्वतरू हो जाएगा। स्थानीय डायल 100 प्रतिदिन स्वास्थ्य संस्थाओं में पेट्रोलिंग करे।

रात में पुलिस की गश्त, टीमें जब भी स्वास्थ्य संस्थाओं में पेट्रोलिंग के लिए जाए तो वहां रखे रजिस्टर में इंट्री जरूर करे। ताकि रिकार्ड हो कि गश्त करने वाली गाड़ी संस्था में पेट्रोलिंग के लिए नियमित रूप से आ रही है या नहीं। पार्किंग एरिया बहुत ही संवदेनशील होता है सुरक्षा की दृष्टि से गार्ड की ड्यूटी लगवाकर बैरिकेटिंग्स के माध्यम से पार्किंग की समुचित व्यवस्था की जाए।

समस्त स्वास्थ्य संस्थाओं में आउटसोर्स प्रणाली के माध्यम से कार्यरत कर्मियों का पुलिस वेरीफिक्रेशन कराए।

बैठक में अपर कलेक्टर केके मालवीय, एसडीएम सेंधवा आशीष, भूपेन्द्र रावत, पानसेमल रमेश सिसोदिया, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सुरेखा जमरे, सिविल सर्जन डॉ अनिता सिंगारे सहित अन्य उपस्थित थे।

## आयुष विभाग ने केंद्रीय जेल में लगाया स्वास्थ्य शिविर

**बड़वानी।** आयुष विभाग द्वारा राष्ट्रीय आयुष मिशन के तहत विश्व होम्योपैथिक दिवस पर केंद्रीय जेल मे शुक्रवार को स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह आयोजन डॉ सैमुअल हैनिमन की 270वीं जयंती को समर्पित है, जिन्हें होम्योपैथी चिकित्सा पद्धति का जनक माना जाता है। शिविर का उद्देश्य सर्वजन स्वास्थ्य को साकार करना है, जिससे हर व्यक्ति स्वस्थ और प्रसन्न रह सके। इस अवसर पर आयुष विभाग द्वारा होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति को बढ़ावा देने और जनमानस में इसके प्रति जागरूकता फैलाने के प्रयास किए जा रहे हैं।



जिला आयुष अधिकारी डॉ निलेश मोरे के निर्देशन में आयोजित शिविर का शुभारंभ डॉ हैनीमैन जी की प्रतिमा पर जेल अधीक्षक शेफाली तिवारी, राधेश्याम वर्मा सहायक जेल अधीक्षक, विनय काबरा सहायक जेल अधीक्षक व समस्त डॉ व स्टॉफ द्वारा माल्यार्पण किया गया। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सकों डॉ मनोज चौहान, डॉ संतोष मिश्रा, डॉ नितिन कुशवाह, डॉ बाली चौहान, डॉ मनिषा सोलंकी, महेश सुरानिया, भारत सहीते, कृष्णा सोलंकी, नयनसीग नागर द्वारा डेंगू प्रिवेंटिव ईपीटोरीरीयम परफ हौम्यौपथीक मेडिसिन जेल के समस्त कैदियों को वितरित की गई। जिससे डेंगू रोग की रोकथाम की जाए साथ-साथ सिकलसेल एनीमिया के लिए 25 कैदियों को आयुर्वेदिक औषधि द्राक्षावलेह, गुग्गल तिक्त धर्त, रास्नासप्तक कषायम औषधि निरूशुल्क वितरण कर रोगियों की जांच व परामर्श किया गया।

## जल संवर्धन एवं संरक्षण का दिया संदेश



**बड़वानी।** मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत एमएसडब्ल्यू एवं बीएसडब्ल्यू के छात्र-छात्राओं द्वारा जनअभियान परिषद की जिला समन्वयक ज्योति वर्मा के निर्देशन में ग्राम तलून खुर्द में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत ग्रामीणों को जल संरक्षण के प्रति उनके घर-घर जा कर जागरूक किया। साथ ही रैली के माध्यम से ग्रामीणों को जल संवर्धन एवं संरक्षण का संदेश दिया। जल गंगा संवर्धन कार्यक्रम मुख्यतरू जल संरचनाओ जैसे तालाबों, कुओं, बावडियों, नदियों आदि को साफस्वच्छ एवं सुरक्षित रखने के उद्देश्य से चलाया जा रहा हैं। उक्त कार्यक्रम मेटर्स अविनाश वानखेड़े, मनीष गुप्ता, महेंद्र गोयल, नीता दुबे एवं उदयराम ठाकुर के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम के दौरान नवांकुर समिति सदस्य राजेंद्र देवड़े, नरेश त्रिवेदी और दुधलाल चौहान व ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष लोकेश नरगांवे, ग्राम पंचायत के सचिव हरीश गहलोत व बड़ी संख्या में ग्रामीण जन और छात्र-छात्राए उपस्थित थे।

## आशाग्राम के 3 कुष्ठ हितग्राहियों का हुआ मोतियाबिंद का सफल ऑपरेशन

**बड़वानी।** विगत दिनों विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर आशाग्राम ट्रस्ट में कलेक्टर एवं ट्रस्ट के अध्यक्ष गुंचा सनोबर के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य संगोष्ठी का आयोजन किया गया था।

संगोष्ठी के माध्यम से 15 वरिष्ठ हितग्राहियों का नेत्र परीक्षण हेतु पंजीयन किया गया जिनका जिला चिकित्सालय बड़वानी में परीक्षण के बाद 15 में से पांच मरीजों को मोतियाबिंद ऑपरेशन चोइथराम हॉस्पिटल इंदौर में शल्य चिकित्सा हेतु चयनित किया गया।




शेष हितग्राहियों को आवश्यक परीक्षण अनुसार उपचार दिया गया। इंदौर गए पांच कुष्ठ हितग्राहियों में से जाम सिंह, श्रीमती तुलसा बाई, श्रीमती जनाधी बाई का सफल मोतियाबिंद ऑपरेशन इंदौर में संपन्न हुआ।

तीनों हितग्राहियों ने शासन, प्रशासन एवं जिला चिकित्सालय एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र आशाग्राम ट्रस्ट के प्रति आभार व्यक्त किया जिनके आपसी समन्वय से उनके अंधत्व निवारण में सहयोग प्राप्त हुआ। बड़वानी से इंदौर चोइथराम हॉस्पिटल तक केयरटेकर के रूप में ट्रस्ट के दूर सिंह गुथरे, प्रदीप किराडे ने सेवाएं प्रदान की।

## पशुपालन विभाग के उप संचालक ने किया गौशाला का निरीक्षण

**बड़वानी।** श्रीकृष्ण गौशाला आमल्यापानी का शुक्रवार को पशुपालन एवं डेयरी विभाग के उप संचालक डॉ दिनेश सिसोदिया ने निरीक्षण किया। इस दौरान गौशाला प्रबंधकों को निर्देशित किया कि गौवंश को तेज धूप से बचाव के लिए छाया की व्यवस्था की जाए। प्रबंधकों ने बताया कि गौशाला में हरी जालीदार छत लगाई गई व तेज गर्म हवा से बचाव के लिए 6 पंखे निदान पैथालॉली लेब के संचालक अनिल पाटीदार बोरलाय द्वारा दान स्वरूप दिए गए तथा 4 पंखे पूर्व से ही गौशाला में लगे हुए हैं। गौशाला के जिला नोडल अधिकारी डॉ राजेश पाटीदार ने बताया कि गौशाला में पशुधन को दिन में 4-5 बार पानी पिलाया जाए। हो सके तो दिन में एक बार नमक व गुड़ का घोल पानी में मिलाकर पिलाए। गौशाला में पीने का पानी व चारा पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता रहे। उप संचालक डॉ दिनेश सिसोदिया ने जिले के समस्त पशुपालकों व गौशाला प्रबंधकों से अपील की है कि ग्रीष्म ऋतु व तेज हवाओं के चलते पशुधन को घर में छायादार स्थान पर बांधकर रखे व उन्हें पर्याप्त पानी पिलाए व चारा खिलाए। समय-समय पर टीकाकरण, कृमिनाशक औषधियां दी जाए। पशुपालन विभाग के अमले को भी आदेशित किया है कि वे लगातार अपने-अपने कर्तव्य स्थल पर सेवाएं प्रदान करें।

## राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित

**बड़वानी।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा 1 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 के मध्य आयोजित अधिकृत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में पदक विजेता जिले के प्रतिभावान खिलाड़ियों से वर्ष 2024 की राज्य स्तरीय खेलवृत्ति के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। इसके लिए आवेदन 31 मई तक आमंत्रित किए गए हैं।

जिला खेल अधिकारी रूपसिंह कलेश ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक विजेता खिलाड़ी को 10 हजार रूपए, रजत पदक विजेता खिलाड़ी को 8 हजार रूपए तथा कांस्य पदक विजेता खिलाड़ी को 6 हजार रूपए की खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। खेलवृत्ति के लिए आवेदन संबंधित जिले के जिला खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। साथ ही नियमावली एवं दिशा निर्देश विभागीय वेबसाईट पर उपलब्ध हैं।

### कलेक्टर ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की

## धारा 163 के तहत जारी किए प्रतिबंधात्मक आदेश

**बड़वानी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी गुंचा सनोबर ने आगामी त्यौहारों के मद्देनजर जिले में कानून व्यवस्था एवं सुरक्षा और साम्प्रदायिक सद्भाव की स्थिति को बनाए रखने के लिए असामाजिक तत्वों, आपराधिक प्रवृत्ति के लोगों तथा निहित स्वार्थी तत्वों की गतिविधियों को नियंत्रित करने के लिए सम्पूर्ण जिले में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 के अंतर्गत 2 माह की अवधि तक प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है। कलेक्टर ने एसपी से प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन के बाद सहमत होते हुए जनसामान्य के स्वास्थ्य के हित एवं लोक शांति तथा कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के अंतर्गत जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किया है।12 अप्रैल को हनुमान जयंती, 18 अप्रैल को गुड फ्राइडे, 25 अप्रैल को संत शिरोमणी सेन जयंती, 27 अप्रैल को स्नानदान श्राद्ध अमावस्या, 29 अप्रैल को परशुराम जयंती, 12 मई को बुद्ध पूर्णिमा, 26 मई को सोमवती अमावस्या, 29 मई को महाराणा प्रताप जयंती, 7 जून को बकरीद, 9 जून को बिरसा मुण्डा शहीद दिवस एवं आगामी समय में होने त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए तथा एसपी के प्राप्त प्रतिवेदन के अवलोकन के बाद कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी द्वारा सम्पूर्ण जिले में धारा 163 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत प्रतिबंधात्मक आदेश जारी किए गए हैं। जिले की सम्पूर्ण राजस्व सीमा में मध्यप्रदेश शासन गृह विभाग के आदेशानुसार ध्वनि विस्तारक यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरूद्ध प्रयोग पर नियंत्रण एवं कार्रवाई के लिए निर्देश प्राप्त हुए थे। प्राप्त निर्देशानुसार 14 दिसम्बर 2023 को कलेक्टर कार्यालय द्वारा आदेश जारी कर ध्वनि की तीव्रता निर्धारित की गई है। उक्त आदेश का पालन किया जाना अनिवार्य होगा।

आगामी त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए होने वाले धार्मिक आयोजनों, जुलूस आदि में तेज ध्वनि में डीजे का उपयोग प्रतिबंधित किया है। धार्मिक स्थलों एवं अन्य स्थलों में ध्वनि विस्तार यंत्रों के अनियंत्रित एवं नियम विरूद्ध प्रयोग नियंत्रण के लिए शासन से जारी आदेशानुसार ध्वनि की तीव्रता निर्धारित की गई है। उक्त आदेश का पालन किया जाना अनिवार्यतरू होगा।

जिले की सीमा में किसी भी संगठन द्वारा कोई धरना प्रदर्शन, जुलूस, रैली का आयोजन किया जाने से पूर्व आवेदन क्षेत्र के एसडीएम को आवेदन प्रस्तुत कर अनुमति प्राप्त किया जाना अनिवार्य होगा। सभी कार्यक्रम के लिए आवेदन सक्षम पुलिस अधिकारी के अभिमत से साथ कम से कम 48 घण्टे पूर्व किया जाना तथा पुलिस अधिकारी के बिना आवेदन पत्र क्रम से कम 72 घंटे पूर्व किया जाना आवश्यक है। अनुमति प्राप्त करने वाले आयोजकों की यह जिम्मेदारी होगी कि वह पूरे कार्यक्रम, आयोजन की वीडियोग्राफी कराएंगे। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं हिंसा रहित हो यह उत्तरदायित्व आयोजक संस्था का होगा। यह आदेश सर्व साधारण को सम्बोधित है एवं परिस्थितियां ऐसी है कि समय अभाव के कारण सर्वसाधारण को सूचना तामिल नहीं की जा सकती है और न ही सर्व साधारण से आपत्तियां प्राप्त की जा सकती है। यह आदेश एक पक्षीय पारित किया जाता है। आदेश का उल्लंघन होने पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 तथा अन्य समस्त प्रावधानों के अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी।

### बाल विवाह कराने पर

## पंडित और मौलवी के साथ बैंड वाले और कैटर्स पर भी कार्रवाई

**बड़वानी।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर के सभागार में अक्षय तृतीया पर बाल विवाह रोकथाम के लिए एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन कलेक्टर गुंचा सनोबर के निर्देशानुसार किया गया। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा आयोजित कार्यशाला में ममता यूनिसेफ जिला समन्वयक शैलेश बैरागी ने अपने वक्तव्य में कहा कि कम आयु में विवाह से बालक एवं बालिका का शारीरिक एवं मानसिक विकास अवरुद्ध होता है तथा वे अधिकांशतरू शिक्षा से भी वंचित होते हैं। बाल विवाह निषेध के लिए समाज में जागरूकता लाना हम सभी का कर्तव्य है। बाल विवाह रोकथाम के लिए सतत संवाद करना जरूरी है और हितग्राहियों को बताया जाए कि बाल विवाह होने की स्थिति में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना तथा लाड़ली लक्ष्मी योजना के लाभ से वंचित हो जाते हैं।

इस अवसर पर राजपुर के सीबीएमओ डॉ देवेन्द्र रोमड़े ने बताया कि बाल विवाह का समाज



एवं बालकों पर गंभीर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है। इसके कारण मातृ मृत्यु दर एवं शिशु मृत्यु दर में वृद्धि होती है। साथ ही जनसंख्या वृद्धि भी दिखाई देती है। इस दौरान पर्यवेक्षक स्वामी ने भी जानकारी दी। वहीं श्री बैरागी ने बाल विवाह से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर चर्चा करते हुए बताया कि शिकायत मिलने पर पंडित और मौलवी के साथ-साथ विवाह में सेवा देने वाले टेंट, कैटरिंग, बैंड और कार्ड छापने वाले प्रिंटर सहित विवाह में सम्मिलित सभी लोगों पर कार्रवाई की जा सकती है। बाल विवाह रोकने के लिए शासन द्वारा बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी बनाए गए हैं। संबंधित विकासखंड के जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, तहसीलदार तथा महिला बाल विकास विभाग के परियोजना अधिकारियों को बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी बनाया गया है। आप चाईल्ड लाईन नंबर 1098, 100 डायल पर कॉल कर बाल विवाह की शिकायत कर सकते हैं। कार्यशाला में विभाग के पर्यवेक्षको कृष्णा स्वामी, नीता जैन, ऊष्मा सोलंकी, पुष्पा सोहनी, माथिल्दा बंदोंड, शर्मिला सोलंकी, राधा सोलंकी, राधा यादव ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# नपा की लापरवाही से पूरा शहर जाम



**मनावर से बसन्त ज़ख्मी।** शहर में इंदौर रोड, सिधाना रोड, धार रोड और मुख्य बाजार वाले रोड में जाने के लिए चारों ओर दुकानदारों ने 10-10 फीट तक सड़क के दोनों ओर से कब्जा कर रखा है। नगर पालिका प्रशासन की घोर लापरवाही बाजार में नजर आती है। मनावर की हलत ऐसे बना रखी हैं, कि यहाँ खरीदी करने के लिए आने वाले 40 गांव के लोग बिना वजह परेशानी का सामना करते हैं। इन्ही लापरवाही के कारण रोज़ घण्टो तक लोगो को जाम का सामना करना पड़ता है। नगर में कहीं भी शौचालय उपलब्ध नहीं है। नगर पालिका ने मात्र बस स्टैंड के ऊपर एक शौचालय बना रखा है।

नगर पालिका के पास सिंघाना रोड ,इंदौर रोड, धार रोड ,पर कितनी ही दुकान नाम मात्र के किराए पर दे रखी है। जिसका किराएदार समय पर किराया भी नहीं दे रहे हैं। उसके बावजूद भी नगर पालिका उन पर रहम बरसती है और उनको खाली नहीं करवा रही है। जहां 40 वर्ष पूर्व शौचालय थे, वहां पर नगर पालिका व पूर्व में बनने वाले अध्यक्ष तथा पार्षदों ने नगर पालिका कर्मचारीयो एवं अधिकारियों के साथ मिल कर पूर्व के सभी शौचालयों को दुकानों में बदल कर आम नागरिकों के लिए बने बाजार में शौचालय हड़प लिए है। जिससे आम व्यक्ति को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मनावर में चारों मेन रोड पर 10 बाय 10 के चार शौचालय और बाथरूम निर्माण करना अति आवश्यक है। जिससे आने वाले गांवो की जनता और नगर के व्यापारी व दुकानदारों को सुलभता से शौचालय मिल सके। आने वाली जनता के लिए मनावर में कहीं पर भी पार्किंग की कोई भी व्यवस्था नगर पालिका के द्वारा नहीं की जा रही है। जिसके कारण इधर-उधर लोग वाहन खड़े कर देते हैं। जिससे जाम की समस्याएं बनी रहती है। ठेले वालों के लिए नगर पालिका ने कोई भी नियम नहीं बना रखे हैं। वह मनचाही जगह पर ठेला खड़ा करके अपना व्यापार कर रहे हैं। वही सभी दुकानदार अपनी दुकान की सीमा के बाहर 10-10 फिर तक अतिक्रमांक करके बैठे हैं। वहीं उसी दुकान के ग्राहक अपने चार पहिया या दो पहिया वाहन खड़े करते हैं। जिसकी वजह से पूर्ण रूप से रोड अवरुद्ध हो जाता है। ऐसे में नगर पालिका प्रशासन सख्ती से कार्य कर इस अतिक्रमण को शीघ्र से शीघ्र दूर करें। दूसरी ओर अल्ट्राटेक और सागर सीमेंट के बड़े-बड़े ट्राले गांधी चौराहे पर टर्न होने में परेशान होते हैं। बस स्टैंड के अंदर प्रवेश करने के लिए तीनों रोड के ऊपर दुकानदारों ने अपनी दुकान लगा रखी है। धार रोड तरफ मोची ने दुकान लगाकर बैठता है। सिंघाना रोड तरफ दूधवाला दुकान लगाकर बैठता है। जिसकी सीमा बढ़ाते बढ़ाते इतनी बढ़ गई है, कि अंदर बस का प्रवेश करना भी मुश्किल है। इस तरह स्टेशन से बाहर निकलने वाली गाड़ी को चार बार रोकना पड़ता है। तब कहीं जाकर वह रोड पर चल पाती है। क्या यह सारी चीज नगर पालिका के अधिकारी नहीं देख पा रहे हैं। क्या अपनी जेब भरने में सारे अधिकारी खुश है। वहीं नगर पालिका के द्वारा डिवाइडरों का जो निर्माण किया जा रहा है। उसकी डिजाइन कहीं से कहीं तक डिवाइडर के रूप में नहीं है। भारी भरकम सीमेंट ब्लॉक रोड़ के बीच में खड़े कर दिए गए हैं। जिसमे मजबूती नाम मात्र नहीं है। इंजीनियर की ने जो डिजाइन बनाई है वह पूर्ण रूप से विफल है। डिवाइडर बनते बनते टूट रहे हैं। उसके बावजूद भी नगर पालिका के अधिकारी मौन है। ठेकेदार पर कोई भी कार्यवाही नहीं कर रहे हैं। मनावर को चारों रोड पर शौचालय व पार्किंग के लिए नगर पालिका अतिक्रमण व अन्य जगह खाली कर यह व्यवस्था शीघ्र से शीघ्र करें। मनावर की जनता इन परेशानी के चलते मनावर को स्वच्छ कैसे माने। बड़े बड़े महानगरों में में चौराहे पर शौचालय बने हैं। जिन जगहों पर करोड़ों रुपये का किराया आ सकता है। वहां शौचालय नगर निगम ने बना रखे है। वही मनावर में 250 रूपये से 800 रूपये किराया पाने के चक्कर में दुकानों को किराए पर भाई भतीजा वाद के कारण दे दी हैं। डिवाइडरों को लेकर नगर कांग्रेस अध्यक्ष ओम सोलंकी ने ज्ञापन देकर यह जानकारी भी दी है। कि गांधी चोक से इंदौर रोड व सिंघाना रोड पर चल रहे घटिया निर्माणाधीन डिवाइडरो के कार्यों की उच्च स्तरीय जांच करवाई जाए। ओम सोलंकी का कहना है कि नगर पालिका सीएमओ को मोबाइल पर एक माह पूर्व भी जानकारी देकर अवगत करवाया था, कि गांधी चोक से इंदौर रोड पर बन रहे डिवाइडरो का निर्माण बहुत ही घटिया व स्तरहीन कार्य चल रहा है। डिवाइडर के जो बीम बनाये गये है। उनके सरिया भी जाइंट वाले लगा दिये गये है। जबकि बिम में जाइंट वाला सरिया नहीं लगाना चाहिए था। जिसके कारण कालम व बीम में किसी भी प्रकार की मजबूती पकड नहीं होती। अभी वर्तमान में सिंघाना रोड पर भी डिवाइडर का निर्माण कार्य चल रहा है इदौर रोड और सिंघाना रोड दोनो तरफ डिवाइडर का कार्य चालू है। परंतु अभी से ही दोनो डिवाइडर टूटने व उखड़ने लगे है। जिसकी इलेक्ट्रानिक मीडिया पर भी विडियो एवं फोटो वाइरल हुई है। जिस पर नगर पालिका निर्माण समिति के सभापति, पार्षद कैलाश राठौड ने भी माना है, कि ठेकेदार द्वारा डिवाइडरो का सही निर्माण नही किया जा रहा है। जबकि उक्त डिवाइडरो की लागत 18 लाख रूपये तीनो रोड की बताई जा रही है। इतनी लागत के बाद भी इतना घटिया स्तर का निर्माण कार्य किया जा रहा है। इलेक्ट्रानिक मीडिया पर खबर के चलते ही ठेकेदार के द्वारा आनन फानन में डिवाइडरो को रिपेयर का कार्य प्रारंभ किया जाने लगा। रिपेयर करके उन डिवाइडरो पर सफेद सीमेंट भी पोत दी गई है। जिससे किये गये घटिया निर्माण कार्य को छिपाया जा सके। इस तरह से नगर के पैसे को कोई कैसे बरबाद कर सकता है। इसलिए जनता ने जांच कर कार्यवाही की उम्मीद की है। समय रहते उक्त डिवाइडरो के निर्माण कार्य को ठीक से करवाया जावे और जो बन चुके घटिया स्तर के डिवाइडर की उच्च स्तरीय जाचं एजेन्सी से जांच करवाकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही कर आर्थिक नुकसानी वसूलने की कार्यवाही की जाए। जिससे नगर पालिका परिषद का आर्थिक नुकसान से बचाया जा सके।

## विधायक डॉ. चौहान ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह के संबंध में ली बैठक





**नागदा जं. निप्र।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत नागदा नगर पालिका द्वारा 30 अप्रैल (अक्षय तृतीया) के अवसर पर सामुहिक विवाह आयोजन किया जा रहा है इसके संबंध में विधायक डॉ. तेजबहादुरसिंह चौहान द्वारा नागदा शहर परियोजना की समस्त आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं एवं नगर पालिका परिषद के कर्मचारियों की एक बैठक शनिवार को एसडीएम कार्यालय नागदा पर आहूत की गई।

इस संबंध में विधायक डॉ. चौहान के द्वारा सभी आंगनवाड़ी बहनों मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह कार्यक्रम को बेहतर करने के लिए सुझाव लिए गए एवं सभी से निवेदन किया कि अक्षय तृतीया के अवसर पर होने वाले विवाह कार्यक्रम में पात्र विवाह में पात्र जोड़ो का अधिक से अधिक पंजीयन करावे जिससे कि शासन की योजना को मूर्तरूप दिया जा सके एवं आमजन को इस योजना के बारे में अधिक से अधिक जानकारी मिल सकें।

सांसद प्रतिनिधि ओपी गहलोत द्वारा सभी आंगनवाड़ी बहनों के कार्यों की सराहना करते हुए निवेदन किया कि अधिक से अधिक जोड़ो का पंजीयन आप सभी के सहयोग से करवाए जाए। इस अवसर पर पूर्व नपाध्यक्ष गोपाल यादव द्वारा नवाचार की बात करते हुए समस्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को कहा कि आपके आंगनबाड़ी क्षेत्र में जो भी मुख्यमंत्री कन्या विवाह अंतर्गत जोड़े हैं उनकी हल्दी मेहंदी की रस्म अपनी ही आंगनवाड़ी पर कर एक नई प्रथा को संचालित कर नवाचार का परिचय देंवे।

कार्यक्रम का संचालन मुख्य मुनपा अधिकारी पीके सुमन द्वारा किया गया। एसडीएम बृजेश सक्सेना, अध्यक्ष संतोष ओपी गहलोत, मंडल अध्यक्ष विजय पटेल प्रकाश जैन, सभापति बबीता रघुवंशी, पूर्व पार्षद अनिल जोशी, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष राजेंद्र अवाना मौजूद थे नगर पालिका के कर्मचारी नीलेश रघुवंशी राकेश पवार एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।



## मोतीलालजी व सुरजमलजी की स्मृति में मोहता परिवार ने किया शीतल जल प्याउ का शुभारंभ

**नागदा जं. (नि.प्र.)।** नगर में सामाजिक सरोकारों की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए नगर के प्रतिष्ठित व्यवसायी मोहता परिवार द्वारा शनिवार को स्वर्गीय श्री मोतीलालजी मोहता एवं स्वर्गीय श्री सुरजमलजी मोहता की पुण्य स्मृति में महात्मा गांधी मार्ग पर शीतल जल प्याउ का शुभारंभ किया गया। गर्मी के इस मौसम में राहगीरों को शीतल जल उपलब्ध कराने की यह पहल जनसेवा की मिसाल बन रही है।

इस पुनीत अवसर पर नगर के वरिष्ठ व्यवसायी एवं कांग्रेस नेता गोविन्दलाल मोहता, ब्रजमोहन राठी, राजेश मोहता, पंकज मोहता, सोनू मोहता, सौरभ मोहता, आलोकजी एवं मोहता परिवार के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी ने सामूहिक रूप से विधिविधान के साथ प्याउ का शुभारंभ किया एवं उपस्थितजनों को जल सेवा के महत्व से अवगत कराया।

इस अवसर पर गोविन्दलाल मोहता ने कहा कि दू ÷जल सेवा से बड़ा कोई पुण्य नहीं है। यह प्याउ स्व. मोतीलालजी एवं सुरजमलजी मोहता की स्मृति को जनमानस में जीवंत रखने का एक माध्यम है। आने वाले दिनों में ऐसे सेवा कार्यों को और भी गति दी जाएगी।÷ स्थानीय नागरिकों ने मोहता परिवार की इस पहल की सराहना की एवं गर्मी के मौसम में यह प्याउ आमजनों के लिए एक राहत का स्त्रोत बनेगा, ऐसा विश्वास व्यक्त किया। नगर में इस सेवा कार्य की सराहना करते हुए कई सामाजिक व व्यापारिक संगठनों ने मोहता परिवार के इस जनसेवी कदम को प्रेरणादायी बताया है।

## भारतीय किसान यूनियन ने मुख्यमंत्री के नाम दिया ज्ञापन




**नागदा जं. निप्र।** भारतीय किसान यूनियन तहसील नागदा द्वारा तहसील अध्यक्ष नानालाल जाट के अध्यक्षता में दो सूत्रीय मांग बिंदु पर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन नागदा एसडीएम को दिया गया। ज्ञापन में किसान हित में भूमि अधिग्रहण पर बना कानून वापस लेने की मांग की गई तथा सहकारी समितियां द्वारा की जा रही ऋण वसूली की समय सीमा 30 मई 2025 तक बढ़ाई जाने की मांग की गई क्योंकि वर्तमान में किसान अपने उपज को खेतो से मंडी ले जाने में व्यस्त है तथा उपज बिक्री के बाद उनके खाते में राशि देरी से आ रही है। इस अवसर पर किसान यूनियन मंच के प्रदेश अध्यक्ष कवि देव सिंह गुर्जर मनोहर सिंह गुर्जर दारा सिंह पटेल हेमंत शर्मा संदीप सिंह जादोन आदि अनेक किसान उपस्थित रहे।

## बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था, गोगावां बनाएगी सुपर मार्केट- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह प्रदान करेगें रू.120.00 लाख का स्वीकृति आदेश






**धरमपुरी।** खरगोन/जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक, खरगोन से संबंद्व बहुउद्देशीय प्राथमिक कृषि साख सहकारी संस्था, गोगावां जिला खरगोन जिसका पंजीयन कमांक-112 दिनांक 08.04.1963 है, के द्वारा खरगोन सनावद मुख्य मार्ग पर 13800 वर्गफीट में ग्राम गोगावां में संस्था का मुख्यालय संचालित है। संस्था द्वारा वाणिज्यिक दृष्टि से सुपर मार्केट स्थापित करने की योजना बनायी गयी है। इस योजना के अन्तर्गत संस्था के द्वारा रू. 120.00 लाख की लागत से सुपर मार्केट का निर्माण किया जाना है।

इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए बैंक प्रबंध संचालक पीएस धनवाल द्वारा बताया गया कि अंतराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अन्तर्गत दिनांक 13.04.2025 को भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय सहकार सम्मेलन में केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह रू.120.00 लाख का स्वीकृति आदेष संस्था गोगांवा को प्रदान करेंगे। 11625 वर्ग फीट के भु-खण्ड पर 12675 वर्ग फीट सुपर बिल्टप क्षैत्र में सुपर मार्केट का भुतल एंव प्रथम मंजिल पर निर्माण होगा। संस्था गोगांवा, विकासखण्ड एवं तहसील मुख्यालय गोगांवा पर स्थित है, जहा कि जनसंख्या बीस हजार से अधिक है। संस्था के कार्य क्षेत्र में नौ गांव है जिनके कुल चार हजार संस्था के सदस्य है जिनमें से एक हजार नौ सौ ऋणी सदस्य एवं दो हजार एक सौ अऋणी सदस्य है। इस प्रकार कुल चैवीस हजार सदस्य है जो सुपर मार्केट के संभावित ग्राहक है। संस्था निरन्तर अ वर्ग में वर्गीकृत होकर रू. 183.48 लाख के लाभ मे है। संस्था मुख्यालय पर संस्था द्वारा बचत काउण्टर संचालित है जहां प्रतिदिन 150-200 ग्राहक अपना लेन-देन करने हेतु आते है। उक्त सुपर मार्केट में किसानों के उपयोग में आने वाली सामग्रीयों यथा खाद, बीज, दवाई, मशिनरी आदि का विकय किया जावेगा। तथा संस्था के द्वारा सुपर मार्केट मे जन औषधि केन्द्र एवं कृषक सुविधा केन्द्र का संचालन भी किया जावेगा, साथ ही उक्त सुपर मार्केट में बीस दुकानों का निर्माण किया जाकर उनको इलेक्ट्रीक सामान, कपडा मार्केट, किराना स्टोर्स, जनरल स्टोर्स, मेडिकल स्टोर्स आदि का व्यापार हेतु किराये से दिया जावेगा। संस्था द्वारा उपरोक्त सुपर मार्केट आकार लेने पर संस्था को प्रतिवर्ष बीस लाख की अतिरिक्त आय होना संभावित है।

## शेष जारी

### पीथमपुर की सिग्नेट पाइप कंपनी में भीषण आग 15 घंटे तक जलती रही फैक्ट्री...

शाम 5 बजे तक आग पूरी तरह खत्म नहीं हुई थी। पिछले साल भी जली थी यही फैक्ट्री - रिपोर्ट तक पेश नहीं हुई जून 2024 में भी इसी फैक्ट्री में भीषण आग लगी थी। उस वक्त भी प्रशासन और कंपनी प्रबंधन की ओर से कठोर जांच के दावे किए गए थे, लेकिन एक साल बीत गया - कोई जांच रिपोर्ट सामने नहीं आई। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और फायर ब्रिगेड विभाग दोनों की ओर से जांच अधूरी है। कंपनी प्रबंधन की ओर से कोई आधिकारिक स्पष्टीकरण या रिपोर्ट तक नहीं दी गई।

### मजदूरों की जान जोखिम में - सुरक्षा शून्य

सूत्रों के अनुसार, हादसे के वक्त सैकड़ों श्रमिक फैक्ट्री के भीतर मौजूद थे। लेकिन ना फायर अलार्म, ना निकासी व्यवस्था, ना ही कोई गाइडलाइन - मजदूर अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते नजर आए। सेक्टर-3 के रहवासी अब खुलकर सामने आ गए हैं। उनका कहना है हर साल इस कंपनी में आग लगना अब संयोग नहीं रह गया, ये साज़िश लगती है। रहवासियों ने ऊंचे स्तर पर निष्पक्ष और पारदर्शी जांच की मांग की है। धधकती आग, उठते सवाल

1. पिछली आग की जांच रिपोर्ट कहां है?
2. हर साल आग क्यों लगती है - क्या कंपनी ने कोई सबक नहीं सीखा?
3. जब श्रमिक अंदर थे, तो सुरक्षा के कौन-कौन से इंतज़ाम थे?
4. फैक्ट्री ने फायर सेफ्टी हुह्ष्ट कब ली थी, क्या वह वैध थी?
5. क्या दमकल विभाग ने पहले कोई निरीक्षण किया था?
6. क्या जानबूझकर आग लगाकर बीमा क्लेम या कोई और लाभ तो नहीं लिया जा रहा?
7. पिछली बार जांच में कौन अधिकारी थे - उन्होंने क्या रिपोर्ट दी?
8. क्या प्रशासन भी हर बार की तरह लीपापोती करेगा?
9. क्या अब कोई उच्च स्तरीय जांच समिति बनाई जाएगी?
10. क्या कंपनी का लाइसेंस निरस्त करने की कार्रवाई होगी?

### बरबड़ मेले में आज हनुमान जन्मोत्सव नृत्य नाटिका का आयोजन

**रतलाम।** नगर निगम द्वारा 8 से 12 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले के पांचवे व अंतिम दिन 12 अप्रैल शनिवार को निगम के सांस्कृतिक मंच पर रात्रि 7ः30 बजे से हनुमान जन्मोत्सव नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया है।

### गंदगी करने व डिस्पोजल का उपयोग करने पर 6 दुकानदारों पर जुर्माना

**रतलाम।** खुले मे कचरा डालकर गंदगी करने वाले व चाय-कॉफी के डिस्पोजल का उपयोग करने वाले चाय दुकानदारो पर महापौर प्रहलाद पटेल के निर्देशानुसार जुर्माने व जब्ती की कार्यवाही की जा रही जिसके तहत 6 दुकानदारों पर 250-250 रूपये का जुर्माना कर भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति ना करने की समझाईश दी। नगर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा सांई रेस्टोरेंट धानमण्डी, श्री शंकर रेस्टोरेंट नाहरपुरा चौराहा, जेएमडी रेस्टोरेंट, बापूसिंह चायवाले, राजभोग रेस्टोरेंट व सत्यम श्री रेस्टोरेंट पर गंदगी करने व डिस्पोजल का उपयोग करने पर जुर्माना किया गया। महापौर प्रहलाद पटेल ने बताया कि रतलाम नगर को पूर्णतः कचरा मुक्त बनाने हेतु नगरीय क्षेत्र रतलाम में चाय-कॉफी के डिस्पोजल व अमानक पॉलीथीन का निर्माण, विक्रय, भण्डारण व उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया है। प्रतिबंध के बाद भी डिस्पोजल व अमानक पॉलीथीन का निर्माण, विक्रय, भण्डारण व उपयोग करने वालों पर दण्डात्मक कार्यवाही की जा रही है। जुर्माने की कार्यवाही स्वास्थ्य अधिकारी ए.पी. सिंह के निर्देशन में झोन प्रभारी पर्वत हाड़े, किरण चौहान, आषीश चौहान आदि के द्वारा की गई।

### लोडिंग वाहन और ऑटो की टक्कर में चार घायल

**रतलाम।** शुक्रवार तड़के दो बत्ती चौराहे पर सब्जी से भरे लोडिंग वाहन और ऑटो रिक्शा की जोरदार टक्कर हो गई। हादसे में ऑटो में सवार चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि ऑटो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और लोडिंग वाहन पलट गया, जिससे सब्जियां सड़क पर बिखर गई। स्टेशन रोड थाना क्षेत्र के दो बत्ती चौराहे पर हुई इस दुर्घटना में लोडिंग वाहन लोकेंद्र भवन की तरफ से आ रहा था। इसी दौरान चौराहे को क्रॉस कर रहे ऑटो को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद लोडिंग वाहन ने पास में खड़ी कुछ ठेला गाडियों को भी टक्कर मार दी। शुक्रवार दोपहर को हादसे का वीडियो भी सामने आया है। हादसे में ऑटो में सवार रेहान (65) पति साकिर, साकिर पिता सुफद्दीन (71), खरतजा (30) पिता हुसैन निवासी कसारी बाजार रतलाम और ऑटो चालक कुलदीप (40) पिता मनोहरलाल धभाई जी का वास घायल हो गए। सभी घायलों को तत्काल मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

### सीएम राइज विद्यालय (महर्षि सांदीपनि) में सत्र 2025-26 में विद्यार्थियों के प्रवेश प्रक्रिया शुरू की गई

**रतलाम।** सीएम राइज विद्यालय (महर्षि सांदीपनि) प्राचार्य श्रीमती संध्या वोहरा ने बताया कि सत्र 2025- 26 में विद्यार्थियों के प्रवेश हेतु उपलब्ध स्थान अनुसार प्रक्रिया शुरू की गई है, 12 अप्रैल से लेकर 19 अप्रैल तक विद्यालय में प्रातः 9 से 12 बजे तक कार्यालय दिवसों में प्रवेश संबंधी फॉर्म वितरित किए जाएंगे तथा अभिभावकों द्वारा फॉर्म भरने के पश्चात जमा किए जाएंगे। इस सत्र में कक्षा पहली, कक्षा छठी, कक्षा नवी, तथा कक्षा ग्यारहवीं में अंग्रेजी एवं हिंदी माध्यम में विद्यार्थियों को प्रवेश नियमानुसार दिया जाएगा। कक्षा 11 में प्रवेश कक्षा 10 के रिजल्ट के पश्चात प्रवेश दिया जाएगा। विद्यालय के कैचमेंट एरिया में शासकीय विद्यालय में अध्यनरत विद्यार्थियों को तथा निवासरत विद्यार्थियों एवं बीपीएल कार्ड धारी को प्राथमिकता दी जाएगी।

---

आज की युवा पीढ़ी को संस्कारवान् बनाना हम सबकी की जरूरत - महासति डॉ कुमुदलता

# जैन दर्शन विश्व का महान दर्शन मे से एक : केबिनेट मंत्री श्री कश्यप

## रत्नपुरी की धरा पर महामंगलकारी अनुष्ठान सम्पन्न

**रतलाम।**

आज हमे हमारी युवा पीढ़ी को संस्कार वान बनाना है, इस के लिए हमे अपने बच्चो को धर्म से जोडते हुए संस्कार शिविरो मे भेजना पड़ेगा । इस की शुरुवात हमे अपने घर ओर समाज से करना होगी। उक्त विचार जैन दिवाकर स्मारक पर रत्नपुरी की धरा पर आयोजित महामंगल कारी अनुष्ठान के अवसर पर अनुष्ठान आराधिका, ज्योतिष चन्द्रिका डॉ साध्वी कुमुदलताजी मा सा ने कहीं।

पूज्या महासती जी ने कहा की हम प्रवचन ओर भाषण रोज सुनते है मगर आत्मसात नही करते है, हमे इस के साथ साथ अनुष्ठान सप्ताह मे एक बार जरूर करना चाहिए ताकी हम अपने जीवन का कल्याण कर सके।

इस अवसर पर पूज्य महासती महाप्रज्ञा जी, साध्वी पदमकीर्ति जी, साध्वी राजकीर्ति जी ने अनुष्ठान मे महामंत्रो की आराधना कराते हुए अपने सुमधुर वाणी ओर भजनो से सभा को भाव विभोर करते हुए गुरु के प्रति आस्था वान बनने की सलाह दी । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मध्यप्रदेश सरकार के केबिनेट मंत्री चैतन्य काश्यप उपस्थित थे।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री कश्यप ने कहा की जैन दर्शन विश्व के महान दर्शनो मे से एक दर्शन है, इसको आज देश के साथ साथ पुरा विश्व मान रहा है।



भगवान महावीर के सिद्धांतो पर चलते हुए हमे अपने साथ साथ जग ओर प्राणी मात्र का कल्याण भी करना है।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते समाज रत्न महेन्द्र बोथरा ने कहा की आज रतलाम का अहोभाग्य है की हमे पूज्या महासतिया जी के सानिध्य मे महामंगलकारी अनुष्ठान करवाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इतने कम समय मे पूरे समाज के साथ साथ नवयुवक मंडल, बहु मंडल, महिला मंडल ने पूरे तन्मयता से कार्यक्रम को सफल बनाया। आपने कहा की हम लोग तो सिर्फ कार्यक्रम की रूप रेखा बनाते है मगर उस को सार्थक पुरा समाज मिलकर करता है ओर नाम हमारा होता है, इस के लिए पुरा समाज साधुवाद का पात्र है। आपने कार्यक्रम मे अपना अतिथ्य प्रदान करने के लिए केबिनेट मंत्री श्री कश्यप का विशेष आभार माना।

कार्यक्रम मे केबिनेट मंत्री श्री काश्यप का श्री वर्धमान जैन श्रावक संघ नीमचौक की ओर से इन्दर मल जैन, महेन्द्र बोथरा, महेन्द्र चाणादिया, ललित पटवा, अमृत कटारिया, सुरेश कटारिया, फकीरचंद सोनी विनोद् कटारिया, फकीरचंद सोनी, आशीष डागी, सौरभ बोथरा, अरिहंत बोराना, वीरेंद्र कटारिया, आदि ने सम्मान किया गया। साथ हि कार्यक्रम को जावरा से अभय सुराणा, निम्बाहेड़ा से कमलेश ढेलावत, नवयुवक मंडल के अध्यक्ष आशीष कटारिया ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर पूज्या महासतिया जी ने अपना अक्षय तृतीय के पारना करवाना का लाभ निम्बाहेड़ा श्री संघ को दिया। महामंगलकारी अनुष्ठान के अवसर पर मध्यप्रदेश के केबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय भी पूज्या महासतिया जी के दर्शन का लाभ लेने एक दिन पूर्व पधारे थे। कार्यक्रम के लाभार्थी शांताकुमारी इन्दरमल जेन परिवार, कमलादेवी बसंतिलाल पटवा परिवार, सिरेकुवार बापूलाल जी बोथरा परिवार, मगनबाई मोतीलाल डागी परिवार ने लिया। कार्यक्रम् का संचालन गुणवंत मालवी ने किया ओर आभार संघ रत्न इन्दरमल जैन वकील साहब ने माना। उक्त जानकारी संघ के मीडिया प्रभारी नीलेश बाफना ने दी।

---

# ग्राम रणायरा में देवरण्य योजना अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**रतलाम।**

आयुष विभाग मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार एवं श्री राजेश बाथम के मार्गदर्शन में आयुष विभाग रतलाम एवं सॉलिडरिडाड संस्था के संयुक्त तत्वावधान में देवरण्य योजना के अंतर्गत पिपलोदा ब्लॉक के ग्राम रणायरा में ब्लॉक स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में 35 किसानों को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को ÷एक जिला एक उत्पाद÷ योजना के अंतर्गत तुलसी की वैज्ञानिक खेती,



विपणन, भंडारण तथा जलवायु अनुकूल खेती संबंधी जानकारी प्रदान करना था।

कार्यक्रम का संचालन सॉलिडरिडाड संस्था से श्री राहुल गहलोत ने किया। उन्होंने किसानों को तुलसी की वैल्यू चेन, एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) के संचालन एवं उनके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी। जिला आयुष अधिकारी डॉ. आशीष राठौर ने देवरण्य योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए योजना के उद्देश्य, लाभ एवं तुलसी को एक हिलायक उत्पादन के रूप में चुनने के पीछे का तर्क किसानों के समक्ष रखा। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे तुलसी की खेती को अपनाकर न केवल अपनी आमदनी बढ़ा सकते हैं, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी योगदान दे सकते हैं।

सॉलिडरिडाड संस्था से ही प्रकाश धाकड़ ने किसानों को प्राकृतिक खेती, जैविक कीटनाशक एवं उर्वरकों के प्रयोग की सलाह दी और तुलसी उत्पादन की उन्नत तकनीकों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में गांव के प्रगतिशील किसान मुकेश पाटीदार ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि तुलसी की खेती से उन्हें अच्छा मुनाफा हुआ है और अन्य किसानों को भी इस दिशा में प्रयास करने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम में स्थानीय किसानों की उपस्थिति उत्साहजनक रही और उन्होंने देवरण्य योजना के अंतर्गत प्राप्त जानकारी को अपनी खेती में अपनाने का संकल्प लिया।

### जल का संवर्धन और संरक्षण हम सबका दायित्व हैं : डॉ. राजेन्द्र पाण्डेय

**रतलाम।** जन अभियान परिषद द्वारा चयनित आदर्श ग्राम हाटपीपल्या में जावरा विधायक डॉ. राजेंद्र पांडेय द्वारा मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की नवांकुर संस्था मारुति शिक्षा एवं समाज कल्याण समिति हाटपीपल्या द्वारा आयोजित जल गंगा संवर्धन अभियान अंतर्गत चौपाल में चर्चा कर जल गंगा संवर्धन अभियान ओर जल का महत्व समझाया। डॉ राजेंद्र पांडेय ने जल संरक्षण करने के लिए कई विषयों पर जानकारी दी। साथ ही जन जागरूकता के लिए सभी को प्रेरित किया एवं सभी इस अभियान में भागीदार बने एवं अपने क्षेत्र में वर्षा जल को संगृहीत करने के लिए अधिक से अधिक प्रयास करे तालाबों का गहरीकरण कुओं बावड़ी की सफाई और जल को बचाने के लिए आव्हान किया। इस अवसर पर संस्था अध्यक्ष श्री राजीव लोचन ठाकुर समिति के सदस्य ग्रामीणजन भारतीय किसान संघ तहसील पदाधिकारी सेक्टर समन्वयक लखन सिंह सिसोदिया आदि गणमान्यजन उपस्थित रहे।



---

### उत्कृष्ट कार्य करने पर राजश्री सिंह का हुआ सम्मान



**रतलाम।** बेटियों में संस्कार और ज्ञान की जागृति जगाने पर राजश्री सिंह का सृष्टि समाज सेवा समिति ने सम्मान किया। समिति अध्यक्ष सतीश टाक ने बताया कि अलकापुरी टैगोर कॉलोनी स्थित मनकामेश्वर महादेव मंदिर प्रांगण में वीरांगना कन्या संस्कार केंद्र राजश्री सिंह संचालित कर रही है जहां पर 4 वर्ष से लेकर 17 वर्ष आयु तक की बेटियों को संस्कार, ज्ञान, आध्यात्मिक शिक्षा, मेडिटेशन, मंत्रोच्चार, योगा, वैदिक शिक्षा का प्रतिदिन ज्ञान देकर अध्यात्म से बेटियों को जोड़ कर बेहतर कार्य करने पर समिति की ओर से राजश्री सिंह का परिवारजन की उपस्थिति में सम्मान किया गया। इस अवसर पर जन अभियान परिषद जिला समन्वयक रत्नेश विजवर्गीय, विकासखंड समन्वयक शैलेन्द्र सिंह सोलंकी, प.शिव शंकर दवे, समाजसेवी नरेंद्र श्रेष्ठ, ब्रह्माकुमारी सीमा दीदीआदि मौजूद रहे।

बरबड़ मेले में लाफ्टर कलाकार

# निषेध सोनी ने श्रोताओं को हंसा हंसा कर किया लोटपोट

## महापौर प्रहलाद पटेल ने दी सुमधुर गीतो की प्रस्तुति

**रतलाम।**

नगर निगम द्वारा 8 से 12 अप्रैल तक आयोजित पांच दिवसीय बरबड़ हनुमान मेले में बीती रात लाफ्टर कलाकार निषेध सोनी ने अपने चुटकुलो व चुटीली बातों से श्रोताओं को हंसा हसाकर लोटपोट कर दिया। वहीं महापौर प्रहलाद पटेल ने भी पुराने सदाबहार गीतों की प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम की शुरूआत भगवान श्री गणेश वंदना से हुई इसके बाद कुछ देर नए पुराने गीतों का सिलसिला चला। फिर कोटा राजस्थान से आए लाफ्टर कलाकार निषेध सोनी ने फिल्म



अभिनेताओं की मिमिक्री और व्यंग से श्रोताओं को खूब हंसाया। कुछ फिल्मी गीतों के बाद दोबारा निषेध सोनी ने अपने अलग अंदाज में हॉलीवुड फिल्मों की भी मिमिक्री की एवं कुछ पुरानी हिंदी फिल्मों के गीतों को अलग अलग प्रांत की भाषाओं में सुना कर श्रोताओं को आनंदित किया।

प्रारंभ में लाफ्टर कलाकार निषेध सोनी व साथी कलाकारों का स्वागत महापौर प्रहलाद पटेल, सामान्य प्रशासन समिति प्रभारी धर्मेन्द्र व्यास, क्षेत्रिय पार्षद श्रीमती निशा सोमानी, पूर्व महापौर परिषद सदस्य पवन सोमानी, पार्षद प्रतिनिधि जयेश वसावा के अलावा राकेश मिश्रा, विवेक शर्मा, धर्मेन्द्र सिंह आदि ने पुष्पमाला व पुष्प गुच्छ से किया।

---

# पूर्व सीएम पोस्टर लगाने पर कांग्रेस ने किया थाने में प्रदर्शन

**रतलाम।**

भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय के खिलाफ पोस्टर लगाए हैं। पोस्टर में वक्फ बिल का विरोध करने पर दिग्विजय को वतन, पूर्वजों व धर्म का गद्दार बताया है। गुरुवार रात यह पोस्टर शहर के दो बत्ती फ्रींगज चौराहे पर लगाया है।

पोस्टर देख पुलिस भी अलर्ट हो गई। भाजयुमो नेताओं से पोस्टर हटाने की मांग करने लगी।

इधर पोस्टर के विरोध में कांग्रेस नेता स्टेशन रोड थाने पर एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर धरने पर बैठे। थाना में रघुपति राघव राजा राम भाजपा को सद्बुद्धि देने का गीत गाया। इस पर रतलाम पुलिस अधिकारियों ने जांच का आश्वासन दिया। वहीं कांग्रेस नेताओं ने कल तक एफआईआर नहीं होने पर सड़क पर उतरकर सीएम का पुतला जलाने और उग्र आंदोलन करने की बात कही है।

सैलाना पूर्व विधायक हर्ष विजय गहलोत ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद को गद्दार कहना निंदनीय है। भाजपा तानाशाही



कर रही है। आपस में लड़ाने का काम कर रही है। भाजयुमो के जिलाध्यक्ष विप्लव जैन ने पोस्टर लगाए है। हमने प्रूफ के साथ पुलिस को दिए है। कल तक एफआईआर नहीं होती है तो फिर सड़क पर उतरेंगे।

बता दें वक्फ संशोधन बिल संसद के दोनों सदनों (लोकसभा और राज्यसभा) से पास हो गया। राष्ट्रपति के हस्ताक्षर के बाद देश में वक्फ का नया कानून देशभर में लागू हो गया है। इसे में कांग्रेसी समेत अन्य विपक्षी दल इसका विरोध कर रहे हैं। ऐसे में रतलाम में भारतीय जनता युवा मोर्चा ने पूर्व सीएम व कांग्रेस नेता दिग्विजय के खिलाफ पोस्टर लगाकर शहर की राजनीति में हलचल मचा दी है।

गुरुवार रात जो भी दो बत्ती फ्रींगज चौराहे से निकला तो उसकी नजर इस पोस्टर पर पड़ी। पुलिस अधिकारियों को जब इस बारे में पता चला तो भाजयुमो नेताओं से पोस्टर हटाने को कहा। बताया जा रहा है कि अभी शहर में एक ही जगह पोस्टर लगाया है और भी कई जगहों पर पोस्टर लगाए जा सकते है। पोस्टर लगाने पर कांग्रेस भी आपत्ति ले सकती है।

भाजयुमो जिलाध्यक्ष विप्लव जैन ने बताया वक्फ संशोधन बिल संसद के दोनों सदनों लोकसभा व राज्यसभा से पास होने के बाद वक्फ का नया कानून देश में लागू हो गया है। लेकिन कांग्रेस के नेता इसमें भी राजनीति कर रहे है। हमने पोस्टर लगाए है।

## मध्य प्रदेश टीम ने केटलबेल चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते जीते पदक



इन्दौर (ई)। गोवा में आयोजित 12वीं जीएसआइएफ राष्ट्रीय केटलबेल चैंपियनशिप और सातवीं डब्ल्यूकेएसएफ इंडिया इंटरनेशनल टूर्नामेंट में मध्य प्रदेश की टीम के छह खिलाड़ियों ने भाग लेने के साथ शानदार प्रदर्शन करते पदक जीते। स्पर्धा में देशभर से कुल 125 से भी ज्यादा प्रतिभागियों ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में मध्यप्रदेश टीम लीडर कृतिका चंदानी ने दो स्वर्ण, डा. अरुणी गर्ग ने एक स्वर्ण, एक रजत और एक कांस्य सहित तीन पदक हासिल किए। इसी प्रकार पायल यादव ने दो कांस्य, गौरांवी अग्रवाल ने रजत और कांस्य, सीमा सलूजा ने रजत और ललित सिंह जादोन ने रजत पदक हासिल किया।

## मध्यप्रदेश पिट्टू टीम चयन स्पर्धा 13 अप्रैल को

इंदौर। पिट्टू एसोसिएशन ऑफ मप्र द्वारा 7 से 9 मई तक इंदौर में आयोजित होने वाली सब जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप एवं उत्तराखंड पिट्टू एसोसिएशन द्वारा 18 से 20 जून तक देहरादून में आयोजित होने वाली जूनियर नेशनल पिट्टू चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश सब जूनियर एवं जूनियर वर्ग की बालक व बालिका टीम का चयन 13 अप्रैल को राजमोहल्ला स्थित श्री वैष्णव स्पोर्ट्स एकेडमी में किया जावेगा । पिट्टू एसोसिएशन ऑफ मप्र के सचिव गुलाब सिंह चौहान ने बताया कि चयन स्पर्धा में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ी अपनी प्रविष्टि 12 अप्रैल तक एसोसिएशन की आधिकारिक वेबसाइट www.pittump.in पर ऑनलाइन करा सकते है ।

## प्रियांशी व माही का नेशनल के लिए मध्यप्रदेश टीम में शामिल





इन्दौर (इ)। संस्था वैष्णवी रामबाग इन्दौर की खिलाड़ी प्रियांशी पाटीदार तथा माही गौसर का चयन हरियाणा में आयोजित होने वाली 18 वीं राष्ट्रीय सर्कल कबड्डी चैंपियनशिप में भाग लेने वाली मध्यप्रदेश टीम हेतु किया गया है। संस्था वैष्णवी के समस्त खिलाड़ियों ने उनकी इस सफलता पर उनकी हौसला अफजाई करते उन्हें बधाई शुभकामनाएं दी।

## पीसीबी ने पीएसएल शुरू होने से पहले ही मैचों का समय बदला

लाहौर (ईएमएस)। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने पीएसएल सत्र शुरु होने से ठीक पहले मैचों का समय बदल दिया है। पीसीबी ने ये कदम इसलिए उठाया है जिससे की इनके प्रसारण समय का टकराव इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से न हो। पीसीसी जानता है कि आईपीएल मैचों को देखने वाले दर्शकों की तादाद काफी अधिक है और अगर समय एक साथ रहेगा तो उसे दर्शक नहीं मिलेंगे। पीएसएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सलमान नसीर ने कहा कि पीएसएल मुकाबले रात 8ः00 बजे से शुरू होंगे जबकि आईपीएल मैच सात बजे शुरु होते हैं। पीएसएल मुकाबले का पहला मैच रावलपिंडी में शुरू होगा। दोनों लीगों के लांच होने के बाद यह पहली बार है कि जब आईपीएल और पीएसएल मुकाबले एक ही समय में शुरु हो रहे हैं। नसीर ने कहा कि इस साल की शुरुआत में व्यस्त कार्यक्रम होने के कारण उनके पास अप्रैल-मई की विंडो में पीएसएल कराने के अलावा कोई अन्य रास्ता नहीं था। पीएसएल मुकाबले रावलपिंडी में शुरू होंगे। इसमें पहले मैच में इस्लामाबाद यूनाइटेड का सामना लाहौर कलंदर्स से होगा।

## लॉस एंजिल्स ओलंपिक में स्वर्ण के लिए छह क्रिकेट टीमों में रहेगा मुकाबला



नई दिल्ली (ईएमएस)। 2028 लॉस एंजिल्स खेलों में क्रिकेट में स्वर्ण पदक के लिए शीर्ष छह टीम टीमों के लिए मुकाबले होंगे। ये सभी टी20 मैच होंगे। इससें पुरुष और महिला दोनो ही टीमें भाग लेंगी। लॉस एंजिल्स ओलंपिक से एक बार बार फिर 128 साल बाद इन खेलों में क्रिकेट की वापसी होगी। इससे पहले अंतिम बार 1900 में ओलंपिक खेल में क्रिकेट मुकाबले हुए थे। वहीं साल 1900 में हुए पेरिस ओलंपिक खेलों में तब इंग्लैंड और फ्रांस के बीच दो दिवसीय मैच हुए थे जिसे अब एक अनौपचारिक टेस्ट के रूप में मान्यता दी गई है।

## डब्ल्यूटीसी फाइनल से पहले बावुमा के चोटिल, टीम प्रबंधन की चिन्ताएं बढ़ीं



जोहान्सबर्ग (ई)। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट टीम के टेस्ट कैप्टन टेम्बा बावुमा के चोटिल होने से प्रबंधन की मुश्किलें बढ़ गयी हैं। इसका कारण है कि टीम को जून में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) का फाइनल मुकाबला खेलना है। ये मुकाबला 11 जून से शुरु होगा और इसमें अभी दो माह का ही समय है। अभी की बात करें तो बावुमा की कोहनी में चोट लगी है, इसी कारण वह घरेलू प्रथम श्रेणी क्रिकेट टूर्नामेंट से भी बाहर हैं। बावुमा पहले फाइनल के लिए केप टाउन से लायंस टीम के साथ जुड़ने वाले थे पर अब भी फिट नहीं होने के कारण उन्हें बाहर बैठना पड़ा है। ये पहली बार नहीं है जब बावुमा खराब फिटनेस के कारण मुकाबलों से बाहर हैं। वह साल 2022 में भी अपनी बाई कोहनी की चोट से परेशान थे। जिससे उन्हें काफी समय बाहर रहना पड़ा और वह तब इंग्लैंड दौरे से बाहर हो गये थे।

# धोनी की कप्तानी में भी हार गई CSK

## कोलकाता 8 विकेट से जीता ; सुनील नरेन को 3 विकेट, 44 रन भी बनाए

चेन्नई। एमएस धोनी का कप्तानी करना भी चेन्नई सुपर किंग्स को हार से नहीं बचा सका। शुक्रवार को टीम को कोलकाता नाइट राइडर्स ने 8 विकेट से हरा दिया। चेपॉक स्टेडियम में पहले खेलते हुए सीएसके ने 9 विकेट खोकर 103 रन बनाए। केकेआर ने 10.1 ओवर में 2 ही विकेट के नुकसान पर टारगेट हासिल कर लिया। कोलकाता से सुनील नरेन ने दोहरा प्रदर्शन किया। उन्होंने बॉलिंग करते हुए 13 रन देकर 3 विकेट लिए, फिर 18 ही गेंदों पर 44 रन की तेज पारी भी खेली। टीम से वरुण चक्रवर्ती और हर्षित राणा ने भी 2-2 विकेट लिए। वैभव अरोड़ा और मोईन अली को 1-1 विकेट मिला। IPL के 18वें सीजन में 5 बार की चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स का फॉर्म बेहद खराब चल रहा है। टीम को टूर्नामेंट में लगातार पांचवीं हार मिली। 6 मैचों में महज 1 जीत लेकर टीम पॉइंट्स टेबल के 9वें नंबर पर है। कोलकाता 6 मैचों में तीसरी जीत से 6 पॉइंट्स लेकर टॉप-3 में पहुंच गई।

CSK ने IPL में चेपॉक के मैदान पर अपना लोएस्ट स्कोर बनाया। इससे पहले मुंबई के खिलाफ टीम 2019 में 109 रन ही बना सकी थी। सीएसके का किसी भी मैदान पर सबसे छोटा स्कोर 79 है, टीम 2013 में मुंबई के खिलाफ इतने रन ही बना सकी थी। 11वें ओवर की पहली बॉल पर रिंकू सिंह ने छक्का लगाया। इसी के साथ उन्होंने टीम 59 गेंद बाकी रहते टीम को जीत दिला दी। उनके साथ कप्तान अजिंक्य रहाणे 20 रन बनाकर नॉटआउट रहे। रिंकू ने 15 रन बनाए। 8वें ओवर की पहली गेंद पर चेन्नई को दूसरा विकेट मिला। नूर अहमद ने सुनील नरेन को बोल्ड किया। नरेन ने 44 रन बनाए।



उनकी पारी में 2 चौके और 5 छक्के शामिल रहे। 104 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी केकेआर ने पावरप्ले में तेज शुरुआत की। टीम ने 6 ही ओवर में 71 रन बना दिए। अजिंक्य रहाणे और सुनील नरेन 6 ओवर के बाद पिच पर मौजूद भी रहे। चेन्नई ने पांचवें ओवर में पहला विकेट निकाला। अंशुल कम्बोज ने क्विंटन डी कॉक को ओवर की पहली ही गेंद पर बोल्ड कर दिया। डी कॉक ने 23 रन बनाए। कोलकाता की पारी के तीसरे ओवर में क्विंटन डी कॉक को जीवनदान मिला। खलील अहमद के ओवर की पहली बॉल पर डी कॉक ने हवाई शॉट खेला। फाइन लेग बाउंड्री पर खड़े अंशुल कंबोज ने डाइव लगाकर कैच करने की कोशिश की, लेकिन बॉल हाथ में लगकर ग्राउंड पर गिर गई। डी कॉक इस समय 9 रन पर बैटिंग कर रहे थे।

# अद्विका व मृदुल को दोहरा खिताब



इंदौर। इंदौर जिला टेबल टेनिस संगठन के तत्वावधान में आयोजित प्रथम जिला रैकिंग टेबल टेनिस स्पर्धा में बालिका अंडर-17 आयु वर्ग में अद्विका अग्रवाल व बालक वर्ग में मृदुल जोषी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुये स्पर्धा में दोहरे खिताब हासिल किये। इसके पूर्व अद्विका व मृदुल ने बालिका व बालक अंडर-15 वर्ग का खिताब हासिल किया था। अभय प्रषाल में खेली जा रही स्पर्धा में बालिका अंडर-17 आयु वर्ग के अंतिम मुकाबले में अद्विका अग्रवाल ने आरना उपाध्याय को 11-7, 11-8, 11-6 से पराजित कर स्पर्धा में अपना दोहरा खिताब जीता। सेमीफाईनल में अद्विका अग्रवाल ने आराध्य राजपूत को 3-1 से व आरना उपाध्याय ने हिया पटेल को 3-1 से हराया। बालक अंडर-17 आयु वर्ग के फाईनल मुकाबले में मृदुल जोषी ने लक्ष्य ओझा को 9-11, 11-6, 11-4, 11-7 से पराजित कर स्पर्धा में अपना दोहरा खिताब अर्जित किया। सेमीफाईनल में मृदुल जोषी ने वंष चौहान को 3-0 से व लक्ष्य ओझा ने प्रज्जवल यादव को 3-2 से पराजित किया। बालिका अंडर-19 आयु वर्ग के क्वार्टर फाईनल में भाग्यश्री दवे ने अक्षिता मित्तल को 3-0 से, रीत इंगले ने हिया पटेल को 3-2 से, आरना उपाध्याय ने आराध्या राजपूत को 3-2 से, अद्विका अग्रवाल ने सौम्या जैन को 3-0 से हराकर सेमी फाईनल में प्रवेष कर लिया। बालक अंडर-19 आयु वर्ग में मृदुल जोषी ने रूद्रांष झा को 3-0 से, अर्जुन गुप्ता ने रक्षत चावड़ा को 3-0 से, वंष चौहान ने मृदुल पुरोहित को 3-1 से, राघव गुप्ता ने आर्जव बाकलीवाल को 3-1 से, लक्ष्य भदोरिया ने रिदम गड़िया को 3-1 से, लक्ष्य ओझा ने प्रषांत अंजना को 3-1 से, प्रज्जवल यादव ने भव्य वर्मा को 3-0 से, अबु बकर ने राघव राठौर को 3-1 से पराजित कर क्वार्टर फाईनल में प्रवेष किया। पुरूष वर्ग में रूचिर सराफ ने प्रषांत प्रजापति को 3-0 से, हरप्रीत सिंह सलुजा ने लव गोस्वामी को 3-2 से, प्रज्जवल यादव ने अंकुर कष्यप को 3-1 से, नवीन नातू ने सुषांत भारद्वाज को 3-0 से, आर्जव बाकलीवाल ने हिमांषु कंसल को 3-0 से, चेतन तिवारी ने कुलदीप सिंह राठौर को 3-0 से, रोबिन मसीह ने अली असगर ख्वाला को 3-1 से, प्रषांत अंजना ने हर्ष महेष्वरी को 3-0 से, अर्जुन गुप्ता ने हिमांक मालवीय को 3-1 से, साजद अली ने अनिष बाफना को 3-0 से पराजित अगले दौर में प्रवेष किया।

## कनमड़ीकर ट्राफी के सेमीफाइनल मुकाबले

इंदौर। एडब्ल्यू कनमड़ीकर ट्राफी के सेमाफाइनल मुकाबले आज से प्रारंभ हुए। पहले सेमीफाइनल में जबलपुर को मात्र 97 रनों पर आउट कर चम्बल ने पहली पारी में 63 रनों की बढ़त ले ली। चम्बल की पहली पारी 160 रनों पर खत्म हुई। रोहित कसावा ने 32, हिमांशु कुमार ने 42 रन बनाए। आर्यन रघुवंशी ने 4, यश पटेल व यशोधन दुबे ने 3 विकेट लिये। जवाब में जबलपुर 97 पर आऊट हो गई। यश पटेल ने 18, आकाश ठाकुर ने 17 रन बनाए। हिमांशु ने 3, बेदांग व नवदीप ने 2-2 विकेट लिये। दूसरे सेमीफाइनल में उज्जैन की टीम पर 172 रन आउट हो गई। अनुराग काले ने 54, जयदीप राठौर ने 47 रन बनाए। सोमांश शर्मा ने 4, मो. जुल्फिकार व अथर्व यादव ने 3-3 विकेट लिये। जवाब में इंदौर ने 4 विकेट पर 100 रन बना लिये। यशराज चौहान ने 38, वैभव त्यागी ने 31 रन बनाए। वीर प्रताप को 2 विकेट मिले।

## गौतम रघुवंशी की शानदार बल्लेबाजी

इंदौर। गौतम रघुवंशी की शानदार बल्लेबाजी की बदौलत इंदौर ने महाराजा यशवंतराव ट्राफी के फाइनल मैच के पहले दिन नर्मदापुरम के खिलाफ 5 विकेट पर 275 रन बना लिये। आज गौतम 38 रन पर नाबाद है। यश दुबे ने 50, राहुल चंद्रोल ने 53, अखिल निगोते ने 47 रन बनाए। 2 विकेट लक्की मिश्रा ने लिये।

# आईपीएल 2025 में केवल दिल्ली ही हासिल कर पायी है 200 से अधिक रनों का लक्ष्य



मुम्बई (इ)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के इस 18 वें सत्र में अब तक केवल एक टीम दिल्ली कैपिटल्स ही 200 से अधिक रनों का लक्ष्य का हासिल करने में सफल रही है। वहीं अन्य सभी टीमों को 200 रनों से अधिक का लक्ष्य हासिल करने में हार का सामना करना पड़ा है। यहां तक कि पांच बार की विजेता रही चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) और मुंबई इंडियंस भी ये लक्ष्य हासिल नहीं कर पायी है। इस सत्र में अभी तक कुल 23 मैच में 9 टीमों ने पहले बल्लेबाजी करते हुए विपक्षी टीम को 200 रनों से अधिक का लक्ष्य दिया है पर केवल दिल्ली कैपिटल्स ही उसे हासिल कर पायी है जबकि बची हुई आठ टीमों को हार का सामना करना पड़ा है। दिल्ली कैपिटल्स ने सत्र के दूसरे ही मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स से मिले 210 रनों के लक्ष्य को एक विकेट शेष रहते हासिल कर लिया। इस सत्र में सनराइजर्स हैदराबाद ने ही अब तक सबसे अधिक स्कोर 286 रन बनाया है। इसके बाद लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स की टीम 242 ही रन बना पायी। वहीं सत्र के चौथे मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने 209 रन बनाए। इसके बाद कैपिटल्स ने एक विकेट पहले ही लक्ष्य हासिल कर लिया। दिल्ली ने एक विकेट शेष रहते यह लक्ष्य हासिल कर लिया। वहीं पांचवें मैच में पंजाब किंग्स ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 243 रन बनाए। इसके बाद गुजरात टाइटंस 232 रन ही बना पायी और हार गयी। 15वें मैच में केकेआर ने हैदराबाद के 200 रनों का लक्ष्य दिया। इसके बाद बड़े स्कोर बनाने के लिए जानी जाने वाली सनराइजर्स की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 120 रनों पर ही सिमट गयी। ।16वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स ने मुंबई इंडियंस के सामने 203 रन बनाए। इसो बाद मुंबई इंडियंस की टीम लक्ष्य का पीछा करते हुए 191 रन ही बना पायी। 19वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने केकेआर के सामने 238 रन बनाए। केकेआर इसके जवाब में 234 रन ही बना पायी। 21वें मैच में आरसीबी ने मुंबई इंडियंस के सामने 221 रन बनाए। इसके बाद जवाब में मुंबई इंडियंस लक्ष्य का पीछा करते हुए 209 रन ही बना पायी। 22वें मैच में पंजाब किंग्स ने सीएसके को 219 रनों का लक्ष्य दिया। सीएसके इसके जवाब में 201 रन ही बना सकी। 23वें मैच में गुजरात टाइटंस ने राजस्थान रॉयल्स को जीत के लिए 217 रनों का लक्ष्य दिया पर राजस्थान की टीम 159 रनों पर ऑल आउट हो गई।



## इसी माह ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी भारतीय महिला हॉकी टीम : हॉकी इंडिया

नई दिल्ली (ई)। हॉकी इंडिया ने कहा है भारतीय महिला टीम एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी के लिए इसी माह ऑस्ट्रेलिया का दौरा करेगी। भारतीय टीम को इस दौरे में 26 अप्रैल से चार मई तक मैच खेलने हैं। हॉकी इंडिया ने कहा कि इस सीरीज की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया ए के खिलाफ 26 और 27 अप्रैल को होने वाले दो मैचों से होगी।

इसके बाद भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया की सीनियर टीम के खिलाफ तीन मैचों की सीरीज खेलेगी। इस श्रृंखला के मैच एक, तीन और चार मई को खेले जाएंगे। सभी मैच पर्थ हॉकी स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे। यह दौरा जून में शुरू होने वाले एफआईएच प्रो लीग 2024-25 के यूरोपीय चरण की तैयारी को देखते हुए काफी अहम माना जा रहा है। नौवें स्थान पर बरकार भारतीय टीम ने एफआईएच प्रो लीग 2023-24 के दौरान अपने आखिरी मुकाबले में ऑस्ट्रेलिया को 1-0 से हराया था पर इन दोनों टीम के बीच 2013 के बाद खेले गए 16 मैचों में से ऑस्ट्रेलिया ने 10 में जीत हासिल की है। भारत ने अब तक तीन जीत दर्ज की हैं, जबकि तीन मैच ड्रॉ पर रहे हैं। भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने ऑस्ट्रेलिया के दौरे को लेकर कहा, 'यह दौरा एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण के लिए हमारी तैयारियों को देखते हुए बेहद महत्वपूर्ण है। ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से हमारे खिलाड़ियों को अपनी तैयारियों को आंकने का का अच्छा अवसर मिलेगा।

## कप्तानी के दौरान अलग ही अंदाज में नजर आते हैं धोनी : गांगुली

कोलकाता (ईएमएस)। नियमित कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ की कोहली में हुए फ्रेक्चर के बाद जहां एक बार फिर महेन्द्र सिंह धोनी को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की कप्तानी मिली है। वहीं भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सौरव गांगुली का भी मानना है कि धोनी का कप्तानी के दौरान अलग ही अंदाज देखने को मिलता है। इसलिए उन्हें अगर सीएसके की ओर से आगे भी खेलना है तो कप्तानी ही करनी चाहिये। गांगुली ने कहा कि 43 साल की उम्र में भी धोनी आसानी से बड़े शॉट खेल लेते हैं और ये उनकी खूबी है। वहीं सीएसके के लिए ये सत्र अच्छा नहीं रहा है और उसे पांच में से चार मैचों में हार का सामना करना पड़ा है। वहीं धोनी भी अब तक खेले मैचों में निचले क्रम पर उतरे हैं जिसपर कई सवाल भी उठे हैं। वहीं गांगुली ने एक कार्यक्रम में कहा,''मेरा यह मानना है कि अगर धोनी को सीएसके के लिये खेलना है तो उसे कप्तान ही बने रहना चाहिये कई कप्तानी करते हुए वह अधिक बेहतर प्रदर्शन करते हैं।'' गांगुली ने कहा, ''धोनी अभी भी छक्के लगा रहा है। हमने पिछले मैच में देखा। वह 43 साल का हो गया है, ऐसे में स्वाभाविक है कि वह वैसे नहीं खेल सकता जैसे 2005 में खेलता था। इससे मुझे लगता है कि उसके भीतर अभी भी छक्के लगाने की ताकत है।'' साथ ही कहा कि उसके अंदर खेल की समझ होने के साथ ही खेल का लंबा अनुभव भी है, ऐसे में वह वही करेगा जो टीम के लिये सही होगा।''



## मां कनकेश्वरी स्पोर्ट्स एकादमी द्वारा फुटबॉल समर कैंप का

इंदौर। मां कनकेश्वरी स्पोर्ट्स एकेडमी के तत्वाधान में नेहरू स्टेडियम मैदान पर हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी इंदौर का सबसे बड़ा फुटबॉल समर कैंप का आयोजन किया। क्लब के सचिव राकेश सिरसिया ने बताया कि यहां समर कैंप लगातार 15 वर्षों से किया जा रहा है। जिसमें 100 से भी अधिक अभी खिलाड़ियों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवा चुके हैं

सभी खिलाड़ी को यूनिफॉर्म वितरित करी है और आने वाले समय पर यह खिलाड़ियों की संख्या 200 से अधिक रहेगी जिसमें 5 से 25 वर्ष तक खिलाड़ी ने भाग लिया। समर कैंप के अंतिम चरणों में सभी एच ग्रुप के टूर्नामेंट करवाया जाएंगे। समर कैंप के समापन में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों को मेडल, सर्टिफिकेट,ट्रॉफी प्रधान की जाएगी । इस समर कैंप में ह.ढ्ढ.स.कोच, ष्ठ. लाइसेंस कोच क्कश्वष्ठ कोच, रूक्कश्वष्ठ कोच एवं नेशनल खिलाड़ी द्वारा फुटबॉल ट्रेनिंग दी जा रही है। समर कैंप शुभारंभ के अवसर पर एमआईसी मेंबर श्री नंदकिशोर पहाड़िया जी ने रंग-बिरंगे फुगे हवा में छोड़कर शुभ आरंभ किया अतिथि का स्वागत रामचंद्र चौहान रमेश झिरवार अशोक वर्मा जेएस मार्टिन अरशद अजीज यश सिरसिया जयदीप अहीरवाल मानव चौहान रोहन संचालक अंश सिरसिया ने किया सभी का अभार राकेश सिरसिया माना ।

# मुकेश नायक ने लाडली बहना योजना की राशि में देरी और वादा न निभाने पर बीजेपी सरकार को घेरा

**भोपाल, राष्ट्रीय जनभावना।** मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के मीडिया विभाग के अध्यक्ष श्री मुकेश नायक ने लाडली बहना योजना की राशि में देरी और इसे बढ़ाने के वादे पर अमल न करने को लेकर मध्य प्रदेश की बीजेपी सरकार पर जमकर निशाना साधा है।

नायक ने कहा कि बीजेपी ने 2023 के विधानसभा चुनावों में इस योजना की मासिक राशि ?1,250 से बढ़ाकर ?3,000 करने का वादा किया था, लेकिन डेढ़ साल बाद भी इस दिशा में कोई प्रगति नहीं हुई। इसके साथ ही, अप्रैल 2025 की 23वीं किश्त भी समय पर नहीं पहुंची, जिससे 1.27 करोड़ लाभार्थी महिलाओं में भारी निराशा और आक्रोश है। मुकेश नायक ने बीजेपी सरकार की नाकामी पर सवाल उठाते हुए कहा, लाडली बहना योजना को बीजेपी ने अपनी उपलब्धि के रूप में प्रचारित किया और वोट हासिल करने के लिए बड़े-बड़े वादे किए। लेकिन अब न तो राशि समय पर आ रही है, न ही इसे बढ़ाने की बात पर कोई कार्रवाई हो रही है। यह



मध्य प्रदेश की बहनों के साथ ख ु ल ा विश्वासघात है। उन्होंने बताया कि हाल ही में विधानसभा में सरकार ने स्पष्ट किया कि राशि बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है, जो बीजेपी के दावों की पोल खोलता है। श्री नायक ने इस देरी को सरकार की असंवेदनशीलता का प्रतीक बताते हुए कहा, लाडली बहना योजना की राशि पर लाखों परिवार निर्भर हैं। यह राशि महिलाओं की दैनिक जरूरतों, बच्चों की पढ़ाई और परिवार के पोषण के लिए जरूरी है।

लेकिन बीजेपी सरकार न तो समय पर राशि दे रही है, न ही अपने वादे पूरे कर रही है। क्या बीजेपी अब इस योजना को चुपके से कमजोर करने की साजिश रच रही है? लाडली बहना योजना, जिसे 28 जनवरी, 2023 को शुरू किया गया था, 21 से 60 वर्ष की आयु की पात्र महिलाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती है। यह योजना बीजेपी के लिए 2023 के चुनावों में गेम-चेंजर रही थी, लेकिन हाल की देरी और राशि बढ़ाने में नाकामी ने इसकी विश्वसनीयता पर गंभीर सवाल खड़े किए हैं। श्री नायक ने आरोप लगाया कि सरकार का ध्यान अब इस योजना से हट चुका है, और 10 तारीख को राशि आ रही है जैसे होर्डिंग्स अब सिर्फ दिखावा बनकर रह गए हैं।भविष्य में समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए पारदर्शी और जवाबदेह व्यवस्था बनाए।

## ट्रैलर पलटने से सडक पर बिखर गया राखड़-वाहन चालक घायल

**कोरबा ।** कोरबा जिलान्तर्गत सुबह लगभग 5 बजे दर्री से राखड़ लेकर पाली की ओर आ रही ट्रैलर पाली के निकट राष्ट्रीय राजमार्ग के ग्राम पाली–कोसाबाड़ी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। उक्त घटना में वाहन चालक घायल हो गया। उसे राहगीरों की मदद से पाली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। वाहन के पलटने से इसमें लोड राखड़ सडक पर बिखर गया।

# भीषण गर्मी में पानी की बर्बादी की खुली छूट

### पीथमपुर में चल रहे 50 से ज्यादा वॉशिंग सेंटर, हर दिन बह रहे 1.14 लाख लीटर पानी

**पीथमपुर।** जहां एक ओर भीषण गर्मी और जल संकट की स्थिति से जनता बेहाल है, वहीं पीथमपुर के वॉशिंग सेंटरों पर हर दिन हजारों लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। जिला प्रशासन द्वारा अबतक वाशिंग सेंटरो के खिलाफ कोई आदेश जारी नहीं किए गए है।

पीथमपुर के सेक्टर-1, एबी रोड, हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी और औद्योगिक क्षेत्र में बड़ी संख्या में वॉशिंग सेंटर धड़ल्ले से काम कर रहे हैं। गर्मी अपने चरम पर है, नलकूप सूखने की कगार पर हैं, और कई कॉलोनियों में हफ्ते में एक बार पानी टैंकरों से पहुंचाया जा रहा है। इसके बावजूद वाशिंग सेंटरो पर गाड़ी धुलाई के नाम पर लाखों लीटर पानी बर्बाद किया जा रहा है।



### इनका कहना है

हम वॉशिंग सेंटरों पर जल्द कार्रवाई करेंगे। जो सेंटर बिना अनुमति के पानी का दुरुपयोग कर रहे हैं, उन्हें नोटिस देकर सील किया जाएगा।

**– सेवंती पटेल, अध्यक्ष नपा**

### सेंटरों पर रोज 1.14 लाख लीटर पानी बर्बाद

एक सेंटर पर प्रतिदिन औसतन 40-50 कारें और 60-70 बाइक धुलती हैं। एक कार पर लगभग 150 लीटर और बाइक पर 25 लीटर पानी खर्च होता है। इस हिसाब से शहर के 95 सेंटरों पर रोज करीब 1140 कारें और 1710 बाइक धुलती हैं। इस प्रक्रिया में प्रतिदिन 1.14 लाख लीटर पानी बर्बाद हो रहा है। इतने पानी से 38,000 लोगों की रोज की पेयजल ज़रूरत पूरी हो सकती है।

**जल संरक्षण अभियानों की पोल खुली–** सरकार और प्रशासन जल संरक्षण के नाम पर 'जल ही जीवन है', 'हर बूंद बचाएं' जैसे स्लोगन चलाते हैं, लेकिन हकीकत इससे कोसों दूर है। पीथमपुर में नगर पालिका की न तो निगरानी है, न ही कार्रवाई की इच्छाशक्ति। यह स्थिति न केवल प्रशासनिक लापरवाही को उजागर करती है, बल्कि आने वाले दिनों में पीने के पानी के लिए गहराते संकट की चेतावनी भी देती है।

# मच्छरों के आतंक में उलझा हमारा इंदौर

**इंदौर (राहुल लोदवाल)।** देशभर में स्वच्छता की मिसाल बन चुका इंदौर आज एक ऐसी समस्या से जूझ रहा है, जो हर गली, हर मोहल्ले और हर घर को प्रभावित कर रही है – मच्छरों का बढ़ता आतंक। गर्मियों की शुरुआत के साथ ही शहर के अधिकतर हिस्सों में मच्छरों की संख्या में भारी इजाफा हुआ है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होता जा रहा है।



मच्छरों की इस भरमार ने न सिर्फ वातावरण को असहज बना दिया है, बल्कि शहरवासियों के स्वास्थ्य पर भी गंभीर प्रभाव डाला है। डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ता जा रहा है। हालात ये हैं कि अब आम आदमी न तो घर में चैन से बैठ पा रहा है, न ही सड़कों पर सुकून से चल पा रहा है। विशेषकर शहर के वे इलाके जहां निम्न और मध्यवर्गीय परिवार रहते हैं – जैसे कि मिल एरिया, बस्तियां, झुग्गी-झोपड़ियां – वहां हालात और भी खराब हैं। इन क्षेत्रों में ना तो नियमित फॉगिंग हो रही है, ना ही सफाई के पर्याप्त इंतज़ाम दिखते हैं। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक हर कोई इस संकट की चपेट में है। विडंबना यह है कि जहां इंदौर की सफाई व्यवस्था को लेकर देशभर में सराहना होती है, वहीं यह मच्छर संकट इस छवि पर सवाल खड़े कर रहा है। क्या हम केवल अवॉर्ड्स और रैंकिंग तक सीमित रह गए हैं? या वास्तव में जनता के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम कर रहे हैं? यह समय है, जब नगर निगम, स्वास्थ्य विभाग, प्रशासन और सामाजिक संस्थाएं एकजुट होकर इस समस्या की ओर ठोस कदम उठाएं। केवल औपचारिकता से नहीं, बल्कि ज़मीनी स्तर पर प्रभावी कार्यवाही हो। इंदौरवासियों को स्वच्छता के साथ-साथ सुरक्षा और स्वास्थ्य की भी जरूरत है – ताकि हमारा शहर न सिर्फ सबसे साफ, बल्कि सबसे सुरक्षित और रहने लायक भी बन सके।

## देश में भाईचारे को बढ़ावा देने की ज़रूरत- रेहान अंसारी

**इंदौर।** बीती शाम जूना रिसाला में आयोजित ईद मिलन पर मोहब्बत व भाईचारे की मिसाल देखने को मिली। कहते है कि ईद यानी खुशी और खुशी के इस मौक़े पर खुशदिल इंसान जब एक जाज़म पर बैठ जाएं तो खुशियों में चार चाँद लग जाते हैं। ऐसी ही ईद मिलन की महफ़िल में सभी धर्म के लोग शामिल हुए और मिलजुलकर त्योहार मनाने का संदेश दिया। फ़ादर पायस, गुना से शहीद भगत सिंह पुस्तकालय के लोकेश शर्मा और जिला हज कमेटी के उपाध्यक्ष रेहान अंसारी ने महफ़िल को खुशनुमा बना दिया। शुरुआत में नूरी फाउंडेशन के अब्दुल मलिक नूरी ने बताया समारोह का मुख्य उद्देश्य लोगों को एक-दूसरे को करीब लाना और देश में भाईचारे का संदेश देना है। मुख्य अतिथि फादर पायस ने कहा कि इस तरह के आयोजन समाज के सभी तबकों को जोड़ने का काम करते हैं और सौहार्द को बढ़ाते हैं।





## राजेश भंडारी बाबू को राज्यपाल द्वारा डॉक्टरेट प्रदान

**इंदौर।** विक्रम विश्वविद्यालय जो को अब सम्राट विक्रमादित्य विश्वविद्यालय के नाम से जाना जाएगा में आयोजित 29 वे दीक्षांत समारोह 2025 जो की चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 को आयोजित किया गया। इस भव्य और गरिमामय समारोह में माननीय राज्यपाल श्री मंगू भाई पटेल ,मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ,रामचंद्र मिशन हैदराबाद के संस्थापक श्री दाजी कमलेश पटेल,माननीय सांसद उज्जैन फिरोदिया, विधायक अनिल जैन जी,कुलगुरू प्रो. अर्पण भारद्वाज के द्वारा डॉ राजेश भंडारी को उनके द्वारा प्रस्तुत शोध ए कम्पेरिटिव स्टडी आन नान परफार्मिंग असेस्ट्स ऑफ पब्लिक एन्ड प्राइवेट सेक्टर बैंक्स इन इंडिया पर व्यवसाय प्रबंध के अंतर्गत डॉक्टर ऑफ़ फिलॉसफी की डिग्री प्रदान की। इसी समारोह में मुख्यमंत्री जी विश्व विद्यालय का नाम सम्राट विक्रमादित्य विश्व विद्यालय करने की भी घोषणा की।

## देपालपुर में भक्ति-उल्लास से सजी शोभायात्रा

**देपालपुर।** नगर की धरती गुरुवार को महावीर जयंती के पावन अवसर पर भक्ति, आस्था और रंग-रंगीलापन से सराबोर हो उठी जब नगर में जैन समाज द्वारा भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया अहिंसा परमो धर्मः के अमर संदेश के साथ यह शोभायात्रा नगर की प्रमुख गलियों और मार्गों से होती हुई गुज़री जिसमें भगवान महावीर की चांदी की मनोहारी पालकी को गुलाब की मालाओं से सजाया गया था और श्रद्धाभाव से युवाओं ने उसे कंधों पर उठाकर नगर भ्रमण कराया शोभायात्रा में महिलाएं पुरुष और बच्चे पारंपरिक वेशभूषा में सजे हुए भजन कीर्तन और जयकारों के साथ आगे बढ़ते रहे सड़कों पर जगह-जगह पुष्पवर्षा की गई और रंग-बिरंगे स्वागत द्वारों से



यात्रियों का अभिनंदन किया गया इस अवसर पर जैन धर्म के मूल सिद्धांतों अहिंसा सत्य और अपरिग्रह का प्रचार भी किया गया जिससे लोगों को जीवन में सदाचार अपनाने की प्रेरणा मिली यात्रा का समापन स्थानीय जैन मंदिर में हुआ जहां पूजन प्रवचन और प्रसाद वितरण के साथ समारोह का शांतिपूर्ण समापन हुआ महावीर जयंती का यह आयोजन न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक बना बल्कि समाज को एकजुट करने और भगवान महावीर के आदर्शों को जीवन में उतारने का संदेश भी दे गया।

प्रकाशक, मुद्रक, स्वत्वाधारी एवं प्रधान संपादक सुनील वर्मा के लिए दैनिक भास्कर प्रेस 4/54 प्रेस कॉम्प्लेस एबी रोड इंदौर मध्यप्रदेश
इन्दौर से मुद्रित तथा 1/4, परदेशीपुरा, इन्दौर (म.प्र.) सभी विवादों का न्याय क्षेत्र इन्दौर रहेगा। * मो.: 9425491979, 7000877686, E-mail: janbhavana.ind@gmail.com